उज्जैन
सोमवार
19
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-346
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ गरबा पंडाल में युवक-युवतियों के बीच चले लात-घूंसे

7 ▸ न्यूजीलैंड दौरे पर भारत-ए के सभी मैच दिखाएगा सोनी स्पोर्ट्स



फ्रांस हिंसा और वर्ल्ड वॉर के माहौल में पीएम मोदी जरूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने रविवार को विपक्ष के सरकार बदलने वाले बयानों पर तंज कसा है। रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष की निम्न स्तर की हरकतें देश को बार-बार याद दिला रही हैं कि भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। कंगना ने फ्रांस में हुई हिंसा और तीसरे विश्व युद्ध के मंडराते खतरे का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में देश की कमान मजबूत हाथों में होना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कोलकाता में दुर्गा पूजा पांडाल में हुई भगदड़ पर भी दुख व्यक्त किया। विपक्ष की ओर से सरकार बदलने और रेजीम चेंज की मांगों पर सवाल पूछे जाने पर कंगना रनोट ने कहा कि ऐसी हरकतें देश की जनता को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि शनिवार रात फ्रांस में क्या हुआ, यह सबने देखा है।

देश

- **पंजाब** में ड्रग्स रैकेट पर सियासी घमासान, सुनील जाखड़ ने अमित शाह को लिखा पत्र, एनआईए-ईडी जांच की मांग
- **गुजरात:** पिता ने 2 साल के बेटे की हत्या की, पेट्रोल डालकर जलाया, फिर शव दफनाया, आरोपी गिरफ्तार
- **दिल्ली** में 12वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या मामले 5 आरोपी पकड़े गए
- **जम्मू-**आर्मी अफसर की पत्नी ने जासूसी की, एफआईआर दर्ज: चीनी नागरिक से कनेक्शन, चैटजीपीटी से नोट्स बनाए, यूएन में इंटर्नशिप कर चुकी
- **केदारनाथ** में बर्फबारी, तापमान माइनस में पहुंचा, राजस्थान-महाराष्ट्र समेत 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट, यूपी में खेतों में बाढ़, चेन्नई में 15 घंटे से बारिश

विदेश

- **फ्रांस में** बार-बार क्यों भड़कते हैं प्रदर्शन, पेंशन से लेकर महंगाई तक, सरकार के फैसलों पर सड़कों पर उतर आते हैं लोग
- **पाकिस्तान-** 200 साल पुराने हिंदू मंदिर को तोड़ने की कोशिश: कमर्शियल प्लाजा बनाने के लिए राम लीला मंदिर को गिराने का आरोप
- **ट्रम्प** ने इजराइलियों से कहा- नेतन्याहू को दोबारा प्रधानमंत्री बनाएं, किसी और को चुना तो ईरान के खिलाफ अमेरिका को अकेले लड़ना पड़ेगा

अवकाश सूचना

दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई। दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में 20 अक्टूबर मंगलवार को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 21 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगा। **-संपादक**

कार्टून..



पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई के वीडियो से खड़ा हुआ विवाद

स्टेज पर सिंगर का 'थापी' अंदाज दोहराया, कहा- ठायं-ठायं-ठायं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई के एक वीडियो पर विवाद खड़ा हो गया। जिसमें उन्होंने मूसेवाला के मशहूर थापी वाले अंदाज को स्टेज पर दोहराया और हाथ से पिस्टल चलाने जैसे इशारे किए। इस दौरान उन्होंने ठायं-ठायं-ठायं कहा।

पूरा मामला टोरंटो में हुए साइन टू गॉड वर्ल्ड टूर होलोग्राम कॉन्सर्ट से जुड़ा है। वीडियो सामने आने के बाद बाल मानवाधिकार संगठन 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' ने संज्ञान लिया। संगठन ने मानसा के जिला मजिस्ट्रेट और जिला चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट को बच्चे के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संगठन ने बच्चे की सुरक्षा और काउंसलिंग की मांग की है। हालांकि अभी इस मामले पर मूसेवाला के माता-पिता की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

होलोग्राम कॉन्सर्ट से जुड़ा विवाद: यह पूरा मामला 9 अक्टूबर 2026 को टोरंटो के स्कोशियाबैंक एरिना में हुए साइन टू गॉड वर्ल्ड टूर होलोग्राम कॉन्सर्ट का है। कार्यक्रम के दौरान 2 साल के शुभदीप को उनके माता-पिता की मौजूदगी में स्टेज पर लाया गया था।

मूसेवाला की तरह 'गन जेस्चर' किया: होलोग्राम कॉन्सर्ट में वहां शुभदीप ने अपने दिवंगत भाई सिद्धू मूसेवाला की तरह जांघ पर हाथ से ताली (थापी) मारी, फिर हाथ से पिस्टल का इशारा किया और 'ठायं-ठायं-ठायं' की आवाजें निकालीं। जिसका वीडियो सोशल मीडियो पर तेजी से वायरल हो गया।

वीडियो वायरल होने के बाद शिकायत: वीडियो के सामने आने के बाद एलएफएचआरआई के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट नवकिरण सिंह ने 17 अक्टूबर को स्पीड पोस्ट के जरिए मानसा प्रशासन को शिकायत भेजी। संगठन का कहना है कि बाद में सामने आई अन्य वीडियो क्लिप्स में देखा गया कि आसपास मौजूद बड़े लोग बच्चे को हथियार जैसा इशारा करने के लिए उकसा रहे थे।

संगठन ने बच्चे की सुरक्षा का हवाला दिया: संगठन का तर्क है कि इतनी कम उम्र में बच्चे को हिंसा या बंदूकों से जुड़े इशारे करने के लिए प्रोत्साहित करना उसके मानसिक विकास के लिए बेहद नुकसानदेह है। विशेष रूप से तब, जब उसके बड़े भाई सिद्धू मूसेवाला की मई 2022 में गैंगवार से जुड़ी शूटिंग में हत्या कर दी गई थी। ऐसे माहौल से बच्चे की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

माता-पिता को काउंसलिंग कराने की मांग

एलएफएचआरआई ने जूवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 की धारा 36 के तहत मामले की जांच की मांग की है। संगठन ने मांग की है कि माता-पिता को तुरंत काउंसलिंग दी जाए और अंतरिम आदेश जारी कर बच्चे से सार्वजनिक या निजी कार्यक्रमों में बंदूक जैसे इशारे कराने पर रोक लगाई जाए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनकी शिकायत परिवार या सिद्धू मूसेवाला की यादों के खिलाफ नहीं, बल्कि केवल छोटे बच्चे की सुरक्षा के लिए है।



टाइगर श्रॉफ पर 5 राउंड फायरिंग

लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली, वायरल ऑडियो में सलमान खान को खत्म करने की धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर रविवार शाम 7 बजे मुंबई में फायरिंग हुई। घटना में टाइगर को कांच के टुकड़े लगे हैं और गनपाउडर से हाथ जलने के निशान हैं। वहीं, टाइगर के ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को गोली लगी है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं।

टाइगर जब फुटबॉल खेलकर लौट रहे थे तभी उनकी कार जुहू के पुष्पा पार्क के पास रुकी। यहां उन्हें देखने के लिए भीड़ जमा थी। तभी एक बाइक पर सवार तीन लोग वहां पहुंचे और टाइगर की कार पर 5 राउंड फायरिंग की। घटना जुहू पुलिस स्टेशन से महज 350 मी. दूर हुई। हमले के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट और ऑडियो वायरल हो रहा है। इसमें लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली। लिखा कि सलमान खान के साथ काम करने वाले का यही अंजाम होगा। ऑडियो में खुद को अनिल पंडित बताने वाला शख्स सलमान खान को भी धमका रहा है। कह रहा है कि सलमान और उसके परिवार को खत्म कर देंगे। वे चाहे जितनी सिक्योरिटी में रहें।

टाइगर का सलमान के साथ अभी कोई प्रोजेक्ट नहीं- लॉरेंस गैंग की पोस्ट वायरल होने के बाद बॉलीवुड में टाइगर श्रॉफ और सलमान खान के साथ काम करने की चर्चाएं होने लगीं। हालांकि, ट्रेड सूत्रों के मुताबिक, ऐसी किसी फिल्म की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। टाइगर हाल ही में निर्देशक रेमो डिसूजा की अनटाइटल्ड एक्शन फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। वह आगे जान्हवी कपूर और लक्ष्य के साथ राज मेहता के निर्देशन में बन रही लग जा गले फिल्म करने वाले हैं।

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया- मैंने लड़के को फायरिंग करते हुए अपनी आंखों से देखा। देखने में वह मुझे एक छोटा लड़का ही लगा। मुझे लगा कि दिवाली की वजह से या फिर टाइगर से मिलने की खुशी में वह पटाखे फोड़ रहा है। जब घर के बाकी लोगों ने आवाज सुनी, तो उन्हें भी यही लगा कि पटाखे फूट रहे हैं।



किसी भी गैंग की धमकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : शिंदे

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि टाइगर का किसी से कोई विवाद या झगड़ा नहीं था। इसके बावजूद एक युवा अभिनेता पर इस तरह जानलेवा हमला हुआ। टाइगर और उनकी मां घटना से काफी घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टाइगर और अन्य सार्वजनिक हस्तियों के साथ खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की धमकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिंदे ने कहा कि मुंबई पुलिस ऐसी घटनाओं और गैंगवार पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करेगी।

आरोपी अंधेरी स्टेशन पर बाइक छोड़कर भागे

टाइगर पर फायरिंग के मामले में शामिल तीन आरोपी वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल अंधेरी रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गए। मुंबई पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। पुलिस बाइक के रजिस्ट्रेशन और चेसिस नंबर की जांच कर उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

भारत न तो बांग्लादेश, न फ्रांस: रिजिजू

इंडिया में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन सिर्फ चुनावों के जरिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को आरोप लगाया कि फ्रांस और बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं जैसी साजिश भारत में भी रची गई थी। कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने और सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की।

रिजिजू ने कहा कि ऐसी खतरनाक साजिश रचने वाले यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। रिजिजू ने पर पोस्ट के अलावा एक वीडियो भी शेयर किया। जिसमें राहुल गांधी और नेहा बोरा को दिखाया गया है। दरअसल 14 अक्टूबर पहले नेहा बोरा का बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के समर्थन वाला वीडियो सामने आया था।

नेहा बोरा ने कहा था- भारत का जेन-जी आंदोलन बांग्लादेश से प्रेरित

नेहा बोरा ने दो दिन पहले बांग्लादेश के सोशलिस्ट स्टूडेंट्स फ्रंट को उनके छठे सेंट्रल कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई देते हुए एक वीडियो मैसेज भेजा था। इसमें उन्होंने कहा कि भारत का जेन-जी आंदोलन बांग्लादेश के आंदोलन से प्रेरित है। एसएसएफ बांग्लादेश के छात्र आंदोलन और तख्तापलट के घटनाक्रमों में सक्रिय था।

नेहा बोरा का पूरा वीडियो मैसेज

- आपको हमारा लाल सलाम। आज भारत में जो जेन-जी आंदोलन हो रहा है, वह सबसे पहले बांग्लादेश में शुरू हुआ। आपने हमें रास्ता दिखाया, इसके लिए हम आपके शुक्रगुजार हैं।
- हम जानते हैं कि बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों के लिए था। आज भारत में युवा जिस आंदोलन में हिस्सा ले रहे हैं, वह भी लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है।
- हम जानते हैं कि बांग्लादेश में युवा धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ रहे थे। भारत में जेन-जी भी यही लड़ाई लड़ रहा है। ढाका यूनिवर्सिटी और जहांगीर यूनिवर्सिटी बढ़ती धमकियों और हमलों के बीच मुश्किल हालात में हैं।
- भारत में भी हमारे संस्थानों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की यही स्थिति है, जहां छात्रों के अधिकारों पर बड़े पैमाने पर रोक लगाई जा रही है। शिक्षा के निजीकरण पर जोर दिया जा रहा है। यहां शिक्षण संस्थानों का भगवाकरण हो रहा है और आलोचनात्मक सोच को दबाया जा रहा है।

सीजेपी नेताओं की जमानत मामले में मजिस्ट्रेट को धमकी, एफआईआर दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास की जमानत मामले स्पेशल मजिस्ट्रेट को धमकाने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, धमकी देने वालों की पहचान अभी नहीं हुई है।

दरअसल, रांका और दास की न्यायिक हिरासत पर रविवार को फैसला होना था लेकिन धमकी की बात सामने आने के बाद सुनवाई नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों को अन्य सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पकड़ा था। इसके बाद स्पेशल कोर्ट ने 14 अक्टूबर को दोनों को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया था। दोनों तिहाड़ जेल में बंद हैं। पुलिस के मुताबिक, दास और रांका ने शांति बनाए रखने के बांड का उल्लंघन किया और जंतर-मंतर में प्रवेश किया। जंतर-मंतर को हाल में प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाया गया है।

सीजेपी ने जमानत प्रक्रिया में देरी का आरोप लगाया

सीजेपी पुलिस और प्रशासन पर नेताओं की रिहाई में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है। सीजेपी ने कहा कि वह नेताओं की रिहाई के लिए कानूनी कार्रवाई करेगी। पार्टी की कानूनी प्रमुख रत्ना सिंह ने आरोप लगाया कि जमानत की सुनवाई में घंटों देरी हुई और चार जमानतदारों को अस्पष्ट कारणों से खारिज कर दिया गया।

बरगी के जंगल में पहली बार आए 40 जंगली हाथी

छत्तीसगढ़ से 300 किमी चलकर जबलपुर पहुंचे, वन विभाग अलर्ट, निगरानी में जुटी विशेष टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

छत्तीसगढ़ से करीब 300 किलोमीटर का सफर तय कर 40 हाथियों का झुंड जबलपुर के बरगी क्षेत्र तक पहुंच गया है। रविवार को इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग अलर्ट हो गया।

हाथियों की तलाश और निगरानी के लिए 40 से ज्यादा वनकर्मियों को तैनात किया गया है। विभाग हाथियों की वास्तविक संख्या और उनकी गतिविधियों का पता लगा रहा है। आसपास के ग्रामीणों को एहतियातन घने जंगलों में नहीं जाने की सलाह दी गई है। जानकारी के मुताबिक, हाथियों ने छत्तीसगढ़ से सफर शुरू किया और बालाघाट के चूरापूड़ी से होते हुए नकटिया और परासिया क्षेत्र पार कर बरगी पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हाथियों के एक दिन में तय किए जाने वाले सफर की कोई निश्चित सीमा नहीं होती। वे कभी पूरे दिन चलते हैं, तो कभी 20 से 30 किलोमीटर का सफर तय करते हैं।

हरियाली और भोजन की उपलब्धता बनी वजह

जानकारों के मुताबिक, बरगी और आसपास के जंगलों में हरियाली, पानी और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता हाथियों को आकर्षित कर सकती है। भोजन करते हुए आगे बढ़ने के कारण उनकी गति धीमी रही। हाथियों के कुछ खेतों में पहुंचने की जानकारी भी सामने आई है, हालांकि अब तक ज्यादा नुकसान होने की सूचना नहीं है।

24 घंटे निगरानी, ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

बरगी में हाथियों की मौजूदगी की सूचना के बाद जबलपुर वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। सिवनी वन विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है। वनकर्मियों की विशेष टीम दिन-रात हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। विभाग की प्राथमिकता हाथियों को घने जंगल में बनाए रखने की है, ताकि ग्रामीणों और वन्यजीवों के बीच टकराव की आशंका कम की जा सके। वन विभाग के डीएफओ पुनीत सोनकर के मुताबिक, हाथियों के विचरण की कोई तय सीमा नहीं होती। फिलहाल टीम उनकी संख्या और आगे की दिशा का पता लगाने में जुटी है।

कनाडा में सैन्य अड्डे पर धमाका

4 सैनिकों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अल्बर्टा

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में सैन्य अड्डे पर शनिवार को जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में 4 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों गंभीर रूप से घायल हैं। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने कहा, मैंने ऐसा दर्दनाक दृश्य पहले कभी नहीं देखा। कार्नी के मुताबिक, मृत सैनिकों के परिवारों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना की स्थिति अभी बदल रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वरिष्ठ सैन्य और सरकारी अधिकारी रविवार को कनाडियन फोर्सेज बेस वेनराइट में हुए हादसे की विस्तृत जानकारी देंगे। इस सैन्य अड्डे पर 1,300 से ज्यादा सैनिक और कर्मचारी काम करते हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, विस्फोट के बाद तेज हवाओ के कारण आग सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई। कई इलाकों से दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे। रॉयल एलेक्जेंड्रा अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर वॉरेन थिर्स्क ने इसे 15 से 25 साल में एक बार होने वाली बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि शहर के स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह भर गए।

चीनी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए

गन्ने वाले इथेनॉल पेट्रोल में मिलाने पर रोक, मक्का, टूटे चावल पर भी निर्णय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चीनी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए गन्ने से बने इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाने पर रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने मिश्रण पर रोक के साथ साफ किया है कि अब मक्का, टूटे चावल व अन्य पदार्थों से बने इथेनॉल का मिश्रण किया जाएगा। जानिए इस फैसले से क्या बदलेगा?

सरकार ने घरेलू स्तर पर चीनी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए गन्ने के उत्पादों से बने इथेनॉल के पेट्रोल में मिश्रण पर फिलहाल रोक लगाने का फैसला किया है। इसके तहत, सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के लिए 2026-27 आपूर्ति वर्ष की ताजा खरीद निविदा में गन्ने के रस, चीनी की चाशनी और बी-हेवी शीरे से बने इथेनॉल को शामिल नहीं किया है।

कितना इथेनॉल खरीदने की तैयारी, क्या पेट्रोल में भी मिश्रण - भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 16 अक्तूबर को पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की ओर से जारी निविदा में नवंबर से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए करीब 1,100 करोड़ लीटर इथेनॉल की खरीद के लिए बोलियां मांगी हैं। इसका उद्देश्य पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की जरूरत को पूरा करना है।

मक्के से बने इथेनॉल पर क्या फैसला हुआ?

निविदा के अनुसार, मक्का, टूटे चावल, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदे गए अधिशेष चावल और सी-हेवी शीरे से बने इथेनॉल की आपूर्ति के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। निविदा में मक्के से बने इथेनॉल पर प्रोत्साहन राशि भी घटाकर 68.86 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 71.86 रुपये प्रति लीटर थी।

कच्चे माल की खरीद की रणनीति में क्या बदलाव?

गन्ने उत्पादों से बने इथेनॉल की खरीद पर पाबंदी से पेट्रोल मिश्रण कार्यक्रम के लिए कच्चे माल की खरीद की रणनीति में बदलाव होगा। इस कार्यक्रम में कच्चे तेल के आयात को कम करने व वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कटौती के लिए अनाज व गन्ने दोनों से बने इथेनॉल का इस्तेमाल किया जाता रहा है।



महाकाल श्रृंगार



महाकाल का अष्टमी पर देवी स्वरूप में श्रृंगार:चांदी और स्वर्ण आभूषणों से सजे बाबा

अपनेतक

दौरे की आहट से पीडब्ल्यूडी में हलचल, क्या गड़बड़ियों पर भी पड़ेगी नजर?

उज्जैन में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली, सरकारी बंगलों के आवंटन और रिनोवेशन के नाम पर खर्च होने वाली राशि को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह के संभावित दौरे को सामान्य प्रशासनिक भ्रमण से जोड़कर ही नहीं देखा जा सकता। यदि वे आकस्मिक बैठक लेते हैं, तो क्या विभाग में चल रही कथित अनियमितताओं की भी जानकारी लेंगे?

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। ऐसे समय में जरूरी है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सरकारी धन के उपयोग और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवंटित बंगलों की व्यवस्था की निष्पक्ष समीक्षा हो। सवाल यह भी है कि विभागीय स्तर पर उठ रही शिकायतें शासन तक पहुंची हैं या नहीं?

अब निगाहें इस बात पर हैं कि संभावित दौरा केवल समीक्षा बैठक तक सीमित रहता है या विभाग की कार्यप्रणाली से जुड़े सवालों पर भी जवाबदेही तय होती है। हालांकि, प्रमुख सचिव के दौरे का उद्देश्य ढहऊकी कथित गड़बड़ियों की जांच करना है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

नागपुर की बहु दिव्यांग बेटी को मिला उज्जैन के सेवाधाम का आसरा

उज्जैन। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों नागपुर की एक बहु दिव्यांग बेटी को उज्जैन के अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम ने अपनाया है। आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने नागपुर पहुंचकर इस निराश्रित बेटी को स्वीकार किया और उसे सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। महाराष्ट्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आश्रय गृहों की सीमित संख्या के कारण उज्जैन का सेवाधाम आश्रम ऐसे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बना हुआ है। आश्रम का उद्देश्य असहाय बच्चों को केवल देखभाल तक सीमित न रखकर उन्हें परिवार जैसा स्नेह और सम्मान देना है। इस मानवीय पहल और सेवा कार्य के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सुधीर भाई गोयल और सेवाधाम परिवार का विशेष आभार जताया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति नागपुर की अध्यक्ष एवं सदस्य, जिला महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरीश व्यास और आश्रम के मानस पुत्र सुमित सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में उज्जैन नोडल चैंपियन, इंदौर उपविजेता

उज्जैन। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के तत्वावधान में एमआईटी ग्रुप द्वारा लोकमान्य तिलक परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में उज्जैन नोडल ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया है। वहीं, इंदौर नोडल प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। इस प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, सागर और जबलपुर नोडल के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, शारीरिक संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता और साहस का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में देवेंद्र पाटीदार ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जबकि महिला वर्ग में हर्षिता ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

शूरवीर महापंडित रावण की विद्वता को सम्मान देने के प्रयोजन से हमारे देश मे रावण के कुछ स्थानों पर प्राचीन मंदिर भी देखने को मिलते हैं

चिकली मे लंका नरेश का प्राचीन मंदिर, मनोकामना पूरी करते हैं दशानन

उज्जैन से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिकली ग्राम मे रावण का एक अतिप्राचीन मंदिर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दैत्यराज रावण के अत्याचार बढने पर भगवान को मयार्दा पुरुषोत्तम राम का रूप लेकर उसका संहार करना पडा था किन्तु रावण महाबली व शास्त्रों का ज्ञाता भी था। महापंडित रावण ऋषि विशश्रवा का पुत्र था इसलिए वह पितृकुल से ब्राह्मण वंश का प्रतिनिधित्व करता रहा। दशानन की शिवभक्ति तो जगप्रसिद्ध है । शूरवीर महापंडित रावण की विद्वता को सम्मान देने के प्रयोजन से हमारे देश मे रावण के कुछ स्थानों पर प्राचीन मंदिर भी देखने को मिलते हैं।

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिकली ग्राम मे रावण का एक अतिप्राचीन मंदिर है। इसमे रावण की खडी मुद्रा मे आदमकद प्रतिमा है। रावण एक हाथ मे गदा थामे हुए है। रावण के मंदिर की प्राचीनता का कोई वैध प्रमाण तो नहीं है किन्तु गांव के अधिकांश बुजुर्गों का मत है कि वे अपने बाल्यकाल से इसे देखते आ रहे हैं और उनके पूर्वज बताते रहे कि ये लगभग ढाई सौ से तीन सौ वर्ष पुराना है। रावण की प्रतिमा तो पुरानी नजर आती है किन्तु मंदिर नए निर्माण की तस्दीक करता है जो संभवतः बाद मे बनाया गया। बुजुर्ग लोगों के अनुसार चिकली गांव का अतिप्राचीन निर्गम द्वार जो है उसके बाहर रावण खडे हुए रूप मे है इसका मतलब ये है कि उसे गांव के बाहर अंतिम छोर पर स्थान दिया था। द्वार की संरचना बहुत पुरातन दिखती है किन्तु ये कितना प्राचीन है इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है।





चैत्र नवरात्र की दशमी पर पूजा

रावण मंदिर की विशेषता ये है कि मंदिर मे विजयादशमी पर रावण की पूजा नहीं होती बल्कि चैत्र नवरात्र की दशमी पर रावण की परंपरागत विधि विधान से पूजा की जाती है। समीप ही किराना दुकान संचालित कर रहीं वृद्धा पद्मावती जैन के अनुसार चैत्र नवरात्र की दशमी तिथि पर चिकली गांव मे उत्साह व उमंग का अनूठा वातावरण होता है। एक चल समारोह के रूप मे राम लक्ष्मण की शोभायात्रा रावण के मंदिर,तक आती है। गांव का मुखिया रावण की विधि विधान से पूजन करते हैं और गांव की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

गेहूं की कटाई होने पर कृषक प्रसन्न

चैत्र मास मे अमूमन गेहूं की फसल कटती है और बंपर फसल आने पर किसान प्रसन्न होते हैं ऐसे मे दशमी तिथि पर महापंडित रावण की पूजा करके आभार व्यक्त किया जाता है और आनेवाले वर्ष मे अच्छी वर्षा व फसल की कामना की जाती है ये कहना है क्षेत्र के मोहम्मद सलीम का जो बचपन से दशमी पर मंदिर जाते रहे।

रावण पूजा समारोह सामाजिक पर्व

समीप ही निवासरत महेशकुमार जैन ने बताया कि चैत्र मास की दशमी पर दशानन मंदिर के पास मेला भरता है। इस मेले मे सभी धर्म के लोग सम्मिलित होते हैं। पूरे गांव मे उल्लास का वातावरण होता है। रावण का पूजा समारोह सामाजिक पर्व है न कि धार्मिक। अधिकांश किसान अपनी समृद्धि की कामना करते हैं जो सभी जाति, वर्ग के होते हैं।

नारियल चढाने की मान्यता

लंकानरेश मंदिर के पास ही रहनेवाले मुमताज खान का कहना है कि गांव मे हिन्दू व मुसलमान सौहार्द के साथ बरसों से रहते आए हैं। रावण के मंदिर मे हिन्दू दोस्तों के साथ हर साल चैत्र दशमी पर बचपन से जाता रहा हूं। मन्नत मांगने पर पूरी होती है और फिर नारियल चढाने का रिवाज है। किसान तो सूखे की आशंका देखकर अच्छी बारिश की कामना करते हैं और बच्चे परीक्षा मे उत्तीर्ण होने की कामना लेकर मंदिर मे जाते हैं।

अमृत-2 योजना के तहत नाली निर्माण में टूटी साई बाग कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल, गेट और पौधे भी नष्ट

वृक्ष मित्र सामल जी ने दोबारा शुरू किया पौधरोपण, नगर निगम से पुनर्निर्माण और व्यवस्था बहाल करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित साई बाग कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर अमृत-2 योजना के तहत नाली निर्माण के दौरान कॉलोनी के दोनों ओर बनी बाउंड्रीवॉल और गार्डन का गेट तोड़ दिया गया। सड़क के दोनों ओर कॉलोनी के वृक्ष मित्र श्री सामल जी ने अथक प्रयासों से जो पौधे लगाए थे, वे भी निर्माण कार्य के दौरान नष्ट हो गए।

हालांकि, पौधों को नष्ट किए जाने के बावजूद श्री सामल जी ने हार नहीं मानी और एक बार फिर पौधरोपण शुरू कर दिया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी यह पहल सराहनीय है।

इस संबंध में सुधीर बधिरिया ने बताया कि कॉलोनी के प्रवेश द्वार की बाउंड्रीवॉल, गार्डन का गेट और सड़क किनारे की हरियाली नष्ट होने से क्षेत्र की व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि टूट चुकी बाउंड्रीवॉल और गार्डन के गेट का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा क्षेत्र को व्यवस्थित कर सड़क किनारे हरियाली को फिर से विकसित किया जाए, ताकि कॉलोनी का प्रवेश द्वार पहले की तरह सुंदर और व्यवस्थित दिखाई दे।





अष्टमी पर रही गरबा की धूम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर मे नवरात्रि पर्व के दौरान उत्साह व उमंग का वातावरण रहा। अष्टमी तिथि पर नवरात्रि का उत्साह पूरे शबाब पर रहा। जगह जगह कन्या पूजन, गरबा डांडिया की धूम रही। समापन की ओर खिसक रहे नवरात्र समारोह मे बालिकाएं व युवतियां उत्साह से सराबोर होकर थिरकते हुए नजर आईं। शहर के दशहरा मैदान स्थित तारादेवी मंदिर प्रांगण, दशहरा मैदान , शर्मा परिसर, अभिनंदन विवाह स्थल आदि स्थानों पर गरबा करती युवतियों ने समां बांध दिया। इस दौरान दर्शकों ने गरबा करती युवतियों और महिलाओं का उत्साहवर्धन करतल ध्वनि द्वारा किया। आयोजकों ने श्रेष्ठ कलाकारों का सम्मान भी किया।

नानाखेड़ा में 22 को होगा बुराई के प्रतीक क्रूर राक्षस का अंत

उज्जैन। शहर में असत्य पर सत्य की जीत और आसुरी प्रवृत्तियों के नाश के प्रतीक विजयदशमी पर्व को लेकर खासा उत्साह है। इसी कड़ी में नानाखेड़ा स्थित रावण दहन स्थल पर आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संस्था के संरक्षक और समाजसेवी नारायण यादव, विक्रम विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह के संरक्षण एवं नानाखेड़ा रावण दहन के संयोजक अभिषेक सिसोदिया की अगुवाई में यह पूरा आयोजन भव्य रूप से संपन्न होगा। समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे बुराई के प्रतीक क्रूर और राक्षस रूपी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 20 से शुरू

930 किमी लंबी यात्रा के जरिए वोट और चंदा चोरी के खिलाफ भरेंगे हुंकार, शिव धाम से राम धाम तक का देंगे संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 930 किलोमीटर लंबी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा शुरू होने से पहले दिग्विजय सिंह रविवार को उज्जैन पहुंचे और शास्त्री नगर की गली नंबर तीन में पहुंचकर यात्रा के रथ का निरीक्षण किया। अष्टमी पर्व के अवसर पर उन्होंने संजय शर्मा की बेटी से इस रथ का पूजन करवाया। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल ने बताया कि इस रथ का निर्माण महावीर जैन और संजय शर्मा द्वारा किया गया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि शिव धाम से राम धाम तक की यह यात्रा जन जागृति के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में धर्म का उपयोग सत्ता प्राप्ति और वसूली के लिए हथियार के रूप में किया जा रहा है, जो असंवैधानिक है और हमारी आस्था के साथ धोखा है। यह यात्रा मुख्य रूप से 'वोट चोरी' और 'चंदा चोरी' जैसे मुद्दों पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य जनता को यह संदेश देना है कि सनातन धर्म सर्वव्यापी है और सर्वधर्म समभाव ही इसका आधार है।

विजयादशमी की सुबह 8 बजे नृसिंह घाट के पास बालाजी गार्डन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद यह यात्रा प्रारंभ होगी। इसके बाद दिग्विजय सिंह सबसे पहले महाकाल मंदिर में दर्शन करेंगे। यहां से यात्रा पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, कमरी मार्ग चौराहा, टंकी चौराहा, मिर्जा नईम बेग मार्ग, तेलीवाडा चौराहा, कंठाल चौराहा, निजातपुरा, कोयला फाटक, नगर निगम, गाडी अड्डा चौराहा, दरगाह मण्डी और कानीपुरा रोड होते हुए श्री सांई कुंज कॉलोनी (तराना रोड) पहुंचेगी, जहां रात्रि भोजन और विश्राम होगा।

यह यात्रा 22 अक्टूबर तक उज्जैन जिले में रहेगी। इसके बाद तराना, शाजापुर, राजगढ़, अशोकनगर और ओरछा होते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से गुजरकर अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचेगी।

रथ पूजन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, हेमंत सिंह चौहान और राजेंद्र वशिष्ठ सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

आज उज्जैन आ सकते हैं प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह, आकस्मिक बैठक की भी संभावना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह के मंगलवार को उज्जैन आने की संभावना है। वे लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के प्रमुख सचिव हैं। इसके अतिरिक्त उनके पास खाद्य सुरक्षा आयुक्त, मध्यप्रदेश का भी प्रभार है। सूत्रों के अनुसार, उनके संभावित दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आकस्मिक बैठक भी हो सकती है। हालांकि, दौरे और बैठक को लेकर आधिकारिक पुष्टि तथा एजेंडा सामने आना शेष है।

वैष्णव समाज के तीन दिवसीय नौ विलास रास गरबा का रंगारंग समापन

हजारों श्रद्धालुओं ने किया डांडिया, ज्ञान परीक्षा व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिंतामण मार्ग स्थित गंगा गार्डन में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'नौ विलास रास गरबा 2026' का रंगारंग समापन हुआ। इंदौर-नाथद्वारा के गोस्वामी 108 वागीश जी बाबाश्री के आशीर्वाद से हुए इस आयोजन में शहर के चारों प्रमुख मंदिरों और आचार्य महाप्रभुजी की बैठक से जुड़े हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

?समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार सुगानी, रमेश चंद्र नागर और गीता अशोक अग्रवाल का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन का पांचवा वर्ष था। गरबा महोत्सव में जना बैंक के सौजन्य से बेस्ट कपल, बेस्ट बॉय, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट गर्ल्स, बेस्ट चाइल्ड और बेस्ट गरबा श्रेणियों में पुरस्कार बांटे गए। साथ ही साल भर होने वाली पुष्टि मार्गीय ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को महाराज साहब ने पुरस्कृत किया। मंडल के विजय जोशी, श्याम महेश्वरी और रमेश चतुर्वेदी ने आयोजन की सफलता पर समाजजनों का आभार जताया।

?आयोजन में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह और सचिव मनीष नागर ने व्यवस्थाएं संभालीं। वहीं युवा मंडल से अध्यक्ष नितीन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दिसावल, कोषाध्यक्ष आभास शर्मा, सचिव राहुल नागर तथा महिला मंडल से अध्यक्ष पारुल शाह, कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा नागर, कोषाध्यक्ष परेशा नीमा और सचिव कामिनी शाह की सक्रिय भूमिका रही। सह संयोजक आनन्द पुरोहित, अमित नागर, नूपुर नीमा और समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा तथा हेतल शाह ने भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। ?व्यवस्थाओं में मोहनसिंह हिंगोले, संजय सुगन्धी, मिलिंद तेलंग, राजश्री दिसावल, राजश्री सुगन्धी, संध्या तेलंग, विनी अग्रवाल, अन्नेश नीमा, विक्की नीमा, सौरभ नागर, दिलिप मित्तल, रितेश चौरसिया, पंकज अग्रवाल, कुन्दन दिसावल, रिचा नीमा, लक्ष्मी शर्मा और कविता श्रॉफ का विशेष सहयोग रहा।



विश्व मंगल की कामना के साथ शक्तिपीठ मां हरसिद्धि को अर्पित की 250 फीट लंबी चुनरी

नवरात्रि पर्व पर 2100 कन्याओं व मातृशक्ति का पूजन कर बांटे फल और वस्त्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि पर्व के अवसर पर शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में विश्व मंगल की कामना के साथ मां हरसिद्धि को 250 फीट लंबी भव्य चुनरी अर्पित की गई। शक्ति की आराधना के इस क्रम में मंदिर परिसर में करीब 2100 कन्याओं सहित उपस्थित मातृशक्ति का पूजन किया गया और उन्हें प्रसाद स्वरूप फल बांटे गए।

कार्यक्रम संयोजक महंत रामचंद्र गिरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव एवं अपना चैनल के डायरेक्टर अभय धर्मे ने माता का संकल्प



लेकर फल और वस्त्र समर्पित किए।

इसके पश्चात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता तथा मंगलनाथ मंदिर के महंत राजेंद्र भारती, स्टेट बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्य संदीप मेहता और कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने उपस्थित महंत, पुजारियों व परिजनों के साथ मिलकर माता को 250 फीट लंबी चुनरी अर्पित की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को लगातार फल वितरण किया गया।

उज्जैन
सोमवार
19
अक्टूबर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत सुखम्।।

अर्थः सुख की इच्छा हो तो दुःख न हो तो ज्ञान कहाँ से प्राप्त होता है और विद्यार्थी को सुख कहाँ से मिलता है? जो सुख चाहता है उसे सीखने की आशा छोड़ देनी चाहिए और विद्यार्थी सुख भोगता है।

खबर एक नजर...

चेक बाउंस के 1 लाख केस लंबित अब 60 कोर्ट में होगी सुनवाई

इंदौर। जिला एवं सत्र न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के 1 लाख से अधिक मामलों में फैसलों को अब रफ्तार मिलेगी। अभी तक इनकी सुनवाई के लिए केवल 5 प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट (जेएमएफसी) तय की गई थीं। इस कारण हर कोर्ट में 20-20 हजार के लगभग केस लंबित थे। अब 60 से अधिक जेएमएफसी कोर्ट में सभी लंबित मामलों को बांटा जाएगा। थाना क्षेत्र के हिसाब से विभिन्न अदालतों में प्रकरण लगेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि तारीखें एक महीने के भीतर ही लगने लगेंगी और प्रकरणों का निराकरण भी तेज होगा। इंदौर अभिभाषक संघ को चेक बाउंस मामलों की पेंडेंसी की समस्या वकीलों ने बताई थी। इसके बाद अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश पाल, सचिव धर्मेंद्र गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को इस समस्या के बारे में बताया। अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी, प्रवीण रावल के मुताबिक जिन पांच जेएमएफसी की कोर्ट में चेक बाउंस के केस चल रहे थे, उनमें से एक काफी समय तक अवकाश पर रहीं। हालांकि बाद में उन्होंने कार्यभार संभाल लिया। प्रकरणों का निष्पादन भी नहीं हो पा रहा था। इन पांच कोर्ट में दूसरे मामलों की सुनवाई भी नहीं हो पा रही थी। एक सुनवाई के बाद अगली तारीख ही तीन से चार महीने के बाद मिल रही थी। इसमें भी न्यायाधीश के नहीं होने, प्रतिवादी के वकील के उपस्थित नहीं होने पर अगली तारीख फिर चार-पांच महीने के बाद की मिल रही थी।

22 साल के छात्र में की सुसाइड मां और भाई गरबा देखने गए

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की श्रद्धा सबूरी कॉलोनी में शनिवार रात 22 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। उसकी मां और भाई घर के पास ही गरबा देखने गए थे। लौटने पर उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान हर्षित विश्वकर्मा (22), पिता मुकेश विश्वकर्मा, निवासी श्रद्धा सबूरी कॉलोनी, द्वारकापुरी के रूप में हुई है। वह खंडवा रोड स्थित एक निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता राजस्थान में सरकारी शिक्षक हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वे भी इंदौर पहुंच गए। हर्षित की मां और भाई के अलावा उसके चाचा का परिवार भी आसपास ही रहता है। परिजनों के मुताबिक, हर्षित की कुछ दिन पहले तबीयत खराब हुई थी। उन्हें ऊपरी बाधा की आशंका थी और उसका उपचार भी चल रहा था। हालांकि, छात्र ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।

गरबा खेल रही 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़

इंदौर। गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित नैनोद मल्टी में गरबा आयोजन के दौरान 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। आरोपी जबरन बात करने का दबाव बना रहा था, इंकार करने पर उसने गलत इशारे कर अश्लील हरकत की। पीड़िता की मां के मौके पर पहुँचते ही आरोपी भाग निकला। गांधीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वारदात शनिवार रात करीब 8:45 बजे नैनोद मल्टी (डी-ब्लॉक) परिसर में हुई। 16 वर्षीय किशोरी अपनी मल्टी के पास गरबा खेल रही थी, तभी बी-ब्लॉक निवासी आरोपी सुमित चौहान वहाँ पहुँचा और बात करने का दबाव बनाने लगा। नाबालिग ने मना किया तो उसने बदसलूकी की। बेटी को संकट में देख मां तुरंत मौके पर पहुँची, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। उधर, बाणगंगा थाना क्षेत्र के भगत सिंह नगर में भी एक महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। 34 वर्षीय पीड़िता शनिवार देर रात करीब 3 बजे अपने घर के हॉल में गेट का ताला तलाश रही थी। इसी दौरान अकेला पाकर पड़ोस में रहने वाला आरोपी रिंकू उर्फ सुमित उर्फ मुच्ची नरुका चुपके से घर में घुस आया। उसने पीछे से महिला को पकड़कर अश्लील हरकत शुरू कर दी।

महू में तेज बारिश से दशहरा मैदान में कीचड़

इंदौर। महू शहर में रविवार दोपहर अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। कई दिनों से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इससे राहत मिली। हालांकि, तेज हवा और बारिश ने शहर में चल रहे धार्मिक आयोजनों की तैयारियों के बीच मुश्किलें बढ़ा दीं। दशहरा मैदान में दशहरे के लिए बनाया जा रहा रावण बारिश में भीग गया। समिति ने बताया कि रावण वाटरप्रूफ है, इसलिए उसे नुकसान नहीं होगा। लेकिन, दशहरा मैदान में बारिश के कारण कीचड़ हो गया, जिससे आयोजन स्थल पर लोगों को परेशानी हो सकती है। तेज आंधी और बारिश के चलते महू के भोई मोहल्ले स्थित पुल पर एक पेड़ गिर गया। इससे बिजली की लाइन टूट गई। शहर में रविवार शाम को होने वाले माता रानी के बड़े भंडारे को लेकर भी चिंता बढ़ गई। माता के पंडाल और गरबा ग्राउंड भी भीग गए, जबकि कुछ जगहों पर टेंट उड़ने की भी खबर है।

तुकोगंज में गरबा पंडाल में विवाद, हुई मारपीट, महिलाओं पर कमेंट्स के विरोध में विवाद

गरबा पंडाल में युवक-युवतियों के बीच चले लात-घूंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के साउथ तुकोगंज स्थित एक गरबा पंडाल में शनिवार रात महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स करने को लेकर विवाद हो गया। विरोध करने पर शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। पंडाल में मौजूद युवक और महिलाएं एक-दूसरे से भिड़ गए और जमकर धक्का-मुक्की व लात-घूंसे चलने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तुकोगंज पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।

टीआई जितेंद्र चौहान के मुताबिक दो युवकों पर प्रतिबंधक कार्रवाई की है। वहीं आयोजकों को भी चेतावनी दी गई है।

कमेंट्स के विरोध पर शुरू हुआ विवाद- तुकोगंज थाना पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित एक निजी संस्था की ओर से गरबा आयोजित किया जा रहा था।

शनिवार रात गरबे के दौरान कुछ लोगों ने वहां मौजूद महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के युवक-युवतियां मारपीट करने लगे। पंडाल में मौजूद अन्य लोगों ने स्थिति संभालने की कोशिश की।



वायरल वीडियो से पहचान में जुटी पुलिस

घटना के दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग एक-दूसरे को धक्का देते और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर रही है। इसके साथ ही आयोजकों से भी पूछताछ की जाएगी।

गरबा पंडालों में महिला बल की तैनाती अनिवार्य

महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस कमिश्नर की ओर से गरबा पंडालों में महिला पुलिस बल की तैनाती अनिवार्य की गई है। ऐसे में आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पहचान और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कालिंदी गोल्ड सिटी के पास स्थित बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में

इंदौर में पेंट-केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, पास की 2 फैक्ट्रियां भी चपेट में आईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के कालिंदी गोल्ड सिटी के पास स्थित बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में रविवार सुबह करीब 7 बजे एक पेंट फैक्ट्री में आग लग गई। आग ने पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। हादसे में बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका है। यह औद्योगिक क्षेत्र अरविंदो अस्पताल से करीब 3 किलोमीटर अंदर की ओर स्थित है।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, बीटा इंडस्ट्रियल पार्क स्थित एक पेंट और केमिकल फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। स्थानीय गार्ड ने दमकल विभाग को सूचना दी। लोग कुछ समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते, उससे पहले ही लपटों ने पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी चपेट में ले लिया। पेंट और केमिकल के ड्रम रखे होने के कारण आग तेजी से फैल गई। घटनास्थल से उठता धुआं दूर तक दिखाई दिया।



घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

आग की भीषणता को देखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मच गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से पानी और फोम का छिड़काव कर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में फैक्ट्रियों और उनमें रखे कच्चे माल, तैयार केमिकल, पेंट के स्टॉक और मशीनरी को भारी नुकसान पहुंचा है। शुरूआती तौर पर करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग इसकी वास्तविक वजह की जांच कर रहे हैं।

1 हजार करोड़ की जमीन पर फिर कानूनी लड़ाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एबी रोड पर शालीमार टाउनशिप के पास स्थित करीब 1 हजार करोड़ रुपए कीमत की जमीन के मामले में इंदौर विकास प्राधिकरण हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में अपील करेगा। करीब 34 साल पुराने इस मामले में हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 36 पेज का आदेश दिया है, जिसे आईडीए चुनौती देने की तैयारी कर रहा है।

बुलडोजर लेकर पहुंची थी आईडीए की टीम- जमीन पर अवैध विकास की शिकायत मिलने के बाद करीब एक साल पहले तत्कालीन उएड आरपी अहिरवार ने अधिकारियों को मौके पर भेजा था। संपदा अधिकारी मनीष श्रीवास्तव और भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची थी। टीम ने निर्माण कार्य रुकवाकर नोटिस जारी किया था। इसके बाद जमीन के मालिकाना हक और विकास संबंधी अधिकारों को लेकर कानूनी विवाद आगे बढ़ा।

34 साल पुराने एबी रोड की जमीन का मामला, हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच जाएगा आईडीए

अधिग्रहण, कब्जे और मुआवजे पर कानूनी लड़ाई- रेवाचंद किराड़ और अन्य पक्षों से जुड़े इस मामले में हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 36 पेज का आदेश दिया है। अब आईडीए इसे डिवीजन बेंच में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है।

पुलिस कस्टडी से भागे धार के दो आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में शनिवार शाम पुलिस कस्टडी से दो आरोपी चलती शासकीय वैन से कूदकर फरार हो गए। जिला कोर्ट से रिमांड और जेल वारंट मिलने के बाद पुलिस बल उन्हें सेंट्रल जेल इंदौर ले जा रहा था।

इसी दौरान पत्थर गोदाम रोड पर राजकुमार ब्रिज के पास दोनों ने वैन का पिछला दरवाजा खोला और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा किया, लेकिन वे चकमा देकर फरार हो गए। घटना शनिवार शाम करीब 7:05 बजे की है। भंवरकुआं थाने में पदस्थ आरक्षक पंकज कुमार पुलिस बल के साथ चार आरोपियों को शासकीय वाहन से सेंट्रल जेल इंदौर ले जा रहे थे। वाहन जैसे ही राजकुमार ब्रिज के पास पहुंचा, पीछे बैठे दो आरोपियों ने चलती वैन का दरवाजा खोला और नीचे कूद गए। फरार आरोपियों की पहचान नरेंद्र मेहता (पिता मांगीलाल), निवासी इमामवाड़े के पास, धार और अबरार खान (पिता बाबू खान), निवासी डायमंड पार्क कॉलोनी, धार के रूप में हुई है। नरेंद्र मेहता हाल ही में सपना-संगीता इलाके में व्यापारी कैलाशचंद गर्ग से 50 हजार रुपए की अड़ीबाजी और मारपीट के मामले में भी नामजद हुआ था। इस मामले का वीडियो भी प्रसारित हुआ था।

बच्ची से बदसलूकी के आरोप पर मंडल अध्यक्ष बोले

दोषी मिला तो फांसी पर चढ़ा देना, बच्ची से माफी भी मांगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

गरबा पंडाल में बच्ची से बदसलूकी और उसे धक्का देकर बाहर निकालने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी सफाई दी है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि वे दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया जाए।

चौहान ने बच्ची से माफी भी मांगी है। उनका दावा है कि घटना वाली रात बच्ची के पिता शराब पीकर आए थे और गरबा करने वाली अन्य बालिकाओं ने उनसे शिकायत की थी। हालांकि, मामले में लगे आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।



बोले- 12 साल से गरबा उत्सव में दे रहा हूं सेवाएं- चौहान ने वीडियो में कहा कि वे करीब 12 साल से गरबा उत्सव में सेवाएं दे रहे हैं। यहां करीब 5 हजार बालिकाएं गरबा करने आती हैं और अब तक ऐसी कोई घटना नहीं हुई। उनके मुताबिक, घटना वाली रात बच्ची के पिता शराब पीकर आए थे। गरबा करने वाली अन्य बालिकाओं ने इसकी शिकायत की थी। इसके बाद उन्होंने बच्ची के पिता को रोकने की कोशिश की, जिस पर विवाद हो गया।

बच्ची से भी मांगी माफी- चौहान का कहना है कि जब वे बच्ची को समझाने पहुंचे तो उसने भी अभद्रता की। उन्होंने यह दावा भी किया कि बच्ची वहां गरबा नहीं करती थी। चौहान ने कहा कि यदि उनकी किसी बात से किसी को बुरा लगा है तो वे माफी मांगते हैं। उन्होंने बच्ची से भी माफी मांगी और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

नगर अध्यक्ष ने जारी किया नोटिस

चौहान ने कहा कि गरबा स्थल पर हजारों बालिकाओं के माता-पिता भरोसा करके उन्हें भेजते हैं। ऐसे में किसी विवाद की स्थिति में आयोजकों को क्या करना चाहिए, इस पर भी विचार होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। चौहान के मुताबिक, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है और भाजपा नगर अध्यक्ष ने उन्हें नोटिस भी जारी किया है। उन्होंने दोहराया कि जांच में दोषी पाए जाने पर वे सजा भुगतने के लिए तैयार हैं।

नीला ड्रम और सांप कांड जैसा ही राजा हत्याकांड, फिर भी सजा में अंतर मुमकिन

मुस्कान-रविता को फांसी, क्या सोनम को भी यही सजा मिलेगी?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मेरठ के दो चर्चित हत्याकांडों में अदालत ने मुस्कान रस्तोगी और रविता कश्यप को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों मामलों में उनके प्रेमियों को भी मृत्युदंड दिया गया है। इन फैसलों के बाद इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम का मामला भी चर्चा में है।

मुस्कान और साहिल को फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद राजा की मां उमा रघुवंशी ने भी सोनम समेत अपने बेटे की हत्या के पांचों आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की। तीनों मामलों में हत्या और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं लगाई गई हैं, लेकिन क्या समान धाराओं के कारण सोनम को भी फांसी की सजा हो सकती है? क्या उसे उम्रकैद या बरी होने जैसी राहत मिल सकती है और तीनों मामलों में कानूनी अंतर क्या हैं?

तीनों मामलों में इठर की धाराएं समान, लेकिन सजा कैसे तय होती है?

मुस्कान, रविता और सोनम के मामलों में भारतीय न्याय संहिता की कुछ समान धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, तीनों मामलों के फैक्ट और लीगल पोजिशन अलग हैं।

धारा 103(1): हत्या। इस धारा के तहत दोषसिद्धि होने पर मृत्युदंड या आजीवन कारावास के साथ जुमार्ने का प्रावधान है।



धारा 61(2)(ए): आपराधिक साजिश। आपराधिक साजिश की सजा साजिश की प्रकृति, संबंधित अपराध और लागू कानूनी प्रावधानों पर निर्भर करती है।

धारा 238: अपराध के सबूत मिटाना या अपराधी को बचाने के लिए गलत जानकारी देना। सबूत मिटाने से संबंधित सजा इस बात पर निर्भर करती है कि किस अपराध के सबूत मिटाए गए और कानून की कौन-सी उपधारा लागू होती है।

अब जानिए क्या है राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की भूमिका- 11 मई 2025 को इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी और सोनम की शादी हुई थी। 20 मई को दोनों हनीमून के लिए मेघालय गए। 22 मई को राजा-सोनम मेघालय के सोहरा पहुंचे। इसी दिन रात को नोंग्रियाट के होम स्टे में रूके। अगले दिन 23 मई को दोनों सोहरा पहुंचने से पहले लापता हो गए। 26 मई को राजा के भाई ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 2 जून 2025 को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले की एक गहरी खाई से पुलिस ने राजा का शव बरामद किया था।

एफआईआर, गिरफ्तारी और आरोप: 3 जून 2025 को सोहरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई। 9 जून को गाजीपुर से सोनम को गिरफ्तार किया गया। 5 सितंबर को चार्जशीट दाखिल हुई। 28 अक्टूबर 2025 को पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश और सबूत मिटाने से जुड़े आरोप तय किए गए। 10 फरवरी 2026 को पूरक चार्जशीट के जरिए आर्म्स एक्ट से संबंधित आरोप भी जोड़े गए।

गिरफ्तारी के दस्तावेज में गलती और जमानत: सोनम की तीन जमानत अर्जियां खारिज होने के बाद चौथी अर्जी पर सुनवाई हुई। इसमें दलील दी गई कि गिरफ्तारी के दस्तावेज में धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403(1) लिखी गई थी। इसी आधार पर 27 अप्रैल 2026 को निचली अदालत ने जमानत दी। 29 जून को मेघालय हाईकोर्ट ने भी इस आदेश को बरकरार रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द की: मेघालय सरकार की अपील पर 23 जुलाई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत और हाईकोर्ट के जमानत आदेश रद्द कर दिए। अदालत के मुताबिक, गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे और धारा लिखने में हुई लिपिकीय गलती अपने आप में सुनवाई को प्रभावित करने का आधार नहीं थी।

दो पॉइंट में समझिए सोनम के मामले में क्या होगा?

हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओमेंद्र मिश्रा के मुताबिक हत्या के हर मामले में फांसी की ही सजा हो, ये जरूरी नहीं है। सजा तय करते समय कोर्ट अपराध की गंभीरता, आरोपी की भूमिका और मामले की परिस्थितियों पर विचार करती है।

- **उम्रकैद या बरी होने की संभावना-** मिश्रा के मुताबिक, यदि सोनम पर हत्या का आरोप साबित होता है, लेकिन मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' श्रेणी में नहीं आता, तो अदालत मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास दे सकती है। उम्रकैद का अर्थ हर मामले में केवल 14 साल की कैद नहीं होता। यदि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर पाता, तो आरोपी बरी भी हो सकता है।
- **साजिश में भूमिका साबित करना जरूरी-** अदालत यह जांचेगी कि सोनम की कथित साजिश में क्या भूमिका थी और अभियोजन पक्ष उसे किन सबूतों से साबित करता है। पैसे देकर हत्या की योजना बनाने संबंधी आरोपों की पुष्टि सबूतों के आधार पर होगी।

खबर एक नजर...

रास्ते से बाड़ी हटाने पर चाचा-चाची से मारपीट

मऊगंज। मऊगंज जिले के जुड़मनिया रघुनाथ गांव में जमीनी विवाद के चलते आम रास्ते पर बाड़ी लगाने को लेकर चाचा-भतीजे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि भतीजे संजय पटेल और उनकी पत्नी सुमन पटेल ने चाचा राजेंद्र प्रसाद पटेल (36) और उनकी पत्नी मनीषा पटेल के साथ मारपीट की। घायल दंपती ने लौर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राजेंद्र पटेल ने पुलिस को बताया कि रविवार को दूध बेचकर घर लौटने पर उन्होंने देखा कि संजय ने आम रास्ते पर बाड़ी लगा रखी थी। जमीन से जुड़े विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। राजेंद्र के अनुसार, जब उन्होंने बाड़ी हटाने की कोशिश की तो संजय ने विरोध किया और गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की। शिकायत के मुताबिक, पत्नी मनीषा पटेल बीच-बचाव करने पहुंचीं तो सुमन पटेल ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में राजेंद्र पटेल के सिर और घुटने में चोट आई, जबकि मनीषा पटेल के दाहिने हाथ में चोट लगी। दोनों को शाम करीब 6 बजे सिविल अस्पताल मऊगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। लौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुष्कर्म के बाद युवती की कुएं में फेंककर हत्या

सागर। सागर में 18 साल की युवती के साथ दुष्कर्म के बाद आरोपी ने उसे कुएं में धकेल दिया गया। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी ने युवती के कपड़े भी कुएं में फेंक दिए। अपने शिविर में जाकर सो गया। अगले दिन वह छुट्टी लेकर सीधी चला गया। मोतीनगर थाना पुलिस ने रविवार शाम मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को युवती के पिता ने मोतीनगर थाने में बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात करीब 1 बजे उठकर देखा तो बेटी घर में नहीं थी। परिजन और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। 10 अक्टूबर को युवती का शव घर से करीब 200 मीटर दूर एक कुएं में मिला। शव निर्वस्त्र अवस्था में था। पुलिस ने घटनास्थल पर जरूरी कानूनी कार्रवाई की। शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई।

मंडला कॉलेज में चॉकलेट को लेकर छात्रा-लेक्चरर में बहस

मंडला। मंडला के मवई कॉलेज में चॉकलेट को लेकर एक छात्रा और लेक्चरर के बीच विवाद हुआ है। इस घटना से जुड़े दो वीडियो रविवार को सामने आए। इनमें कॉलेज में लेक्चरर और छात्रा के बीच तीखी बहस दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक, कॉलेज की एक लेक्चरर ने प्रथम वर्ष की छात्राओं पर अपनी गाड़ी से चॉकलेट निकालकर खाने का आरोप लगाया था। इसी बात पर लेक्चरर और एक छात्रा के बीच बहस हुई। छात्रा ने चॉकलेट निकालने के आरोप से इनकार किया। आरोप है कि वीडियो सामने आने के बाद लेक्चरर छात्रा के घर पहुंचीं। वहां वीडियो डिलीट कराने को लेकर विवाद हुआ। छात्रा ने लेक्चरर पर मारपीट की कोशिश करने और परीक्षा में फेल करने जैसे आरोप लगाए हैं। घर पर हुए विवाद का भी एक वीडियो सामने आया है। कॉलेज के प्राचार्य राजेंद्र कुमार सोनवानी ने बताया कि यह मामला 15 अक्टूबर का है। छात्रा के परिजनों ने उन्हें हिंदी की प्राध्यापक पर आरोप लगाते हुए घटना की जानकारी दी है। कॉलेज परिसर में हुई घटना की जांच समिति से कराई जाएगी। इसके लिए समिति गठित की गई है, जो एक हफ्ते में रिपोर्ट देगी। इसके बाद एक्शन लेंगे।

मंडला में मादा बाघ शावक की इलाज के दौरान मौत

मंडला। मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में रविवार को एक मादा बाघ शावक की मौत हो गई। उसे 8 अक्टूबर को अरौली गांव से रेस्क्यू किया गया था। यह शावक आबादी के बीच पहुंच गया था और एक महिला को घायल कर दिया था। रेस्क्यू के समय शावक की शारीरिक हालत कमजोर थी। वन विभाग ने विशेषज्ञों की निगरानी में उसका इलाज शुरू कराया था। लगातार चिकित्सकीय देखरेख के बावजूद 18 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम किया गया। इसमें कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्यजीव चिकित्सा अधिकारी और पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल थे। पोस्टमार्टम के बाद शावक का शवदाह किया गया। जांच के लिए जरूरी सैंपल जबलपुर की प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, फॉरेंसिक और पैथोलॉजिकल रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पाएगी।

मंदसौर के काचरिया चंद्रावत में अवैध शराब जब्त

मंदसौर। मंदसौर जिले में अवैध शराब के अड्डों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। रविवार को पिपलियामंडी पुलिस ने काचरिया चंद्रावत गांव में छापा मारा। यहां हाथ भट्टी से बनाई जा रही 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। पुलिस ने मौके पर शराब बनाने के लिए रखा करीब 300 लीटर महुआ लहान भी खत्म कर दिया। इस दौरान देवेंद्र पिता ओमप्रकाश बावरी, निवासी बंड पिपलिया को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के अकाउंट से 30 दिन में खर्च हुए 35 लाख; कर्ज के लिए युवक को कुल्हाड़ी से काटा

ऑनलाइन गेमिंग की लत ने बनाया कातिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में आधी रात घर से बुलाकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने वालों में मुख्य आरोपी ह्यराधे गुर्जरह्न के मोबाइल और डिजिटल डेटा ने कई राज खोल दिए हैं। ह्यराधेह्न ऑनलाइन गेमिंग की बुरी लत ?थी। इस ऑनलाइन गेमिंग के लिए वह मृतक (पुरुषोत्तम) से रुपए मोटे ब्याज पर उधार लेता था। कुछ समय पहले तक यह मृतक के ब्याज के धंधे को संभालता था, लेकिन गड़बड़ी और कर्ज ज्यादा होने पर इसे काम से हटा दिया था। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन की रिमांड पर लिया है। जब ह्यराधेह्न का अकाउंट खंगाला तो आश्चर्य चकित करने वाला डेटा मिला है। पिछले एक महीने में राधे ने 35 लाख रुपए अपने अकाउंट से खर्च किए हैं। यह पूरा पैसा उसने ऑनलाइन गेमिंग में लगाया था और यही उस पर कर्ज था।

ग्वालियर में बुधवार (14 अक्टूबर) की सुबह 8 बजे के लगभग केदारपुर छोटी मढैया गांव के पास किसी एक खेत में गांव



में ही रहने वाले 35 वर्षीय पुरुषोत्तम गुर्जर का शव पड़ा मिला था। घटना स्थल पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने जांच की थी। प्रारंभिक पड़ताल में ही गर्दन पर पांच व सिर पर दो घाव की पुष्टि हो गई। इतनी बेरहमी से हत्या बता रही थी कि हत्या आरोपियों के दिल में मृतक के लिए बहुत नफरत थी। मृतक की जेब से लेनदेन की एक पर्ची मिली थी, जिसके बाद यह साफ हो गया था कि हत्या की वजह लेनदेन ही है। जब पुलिस ने संदेहियों की लिस्ट तलाशी तो यह चार नाम भी मिल गए थे, जिनको खंगाला तो पूरी कहानी सामने आ गई।

3 दिन पहले चबूतरे पर बनी थी मर्डर की प्लानिंग

पूछताछ में सामने आया कि गांव 'छोटी मडईयां' के रहने वाले रमन गुर्जर, राधे उर्फ राधाकृष्ण गुर्जर, छोटू उर्फ राहुल और विजय उर्फ खैरी ने पुरुषोत्तम से 20 फीसदी की अत्यधिक ब्याज दर पर लाखों रुपए कर्ज ले रखे थे। पुरुषोत्तम रोज तगादा करता और लगातार दबाव बना रहा था। गांव में कहीं भी किसी के भी सामने बेइज्जत करता था। तंग आकर हत्या से 3 दिन पहले गांव के चबूतरे पर बैठकर चारों ने उसकी हत्या का प्लान तैयार किया था और 13-14 अक्टूबर की दरमियानी रात उसकी हत्या कर दी।

मनमाने ब्याज का दलदल और भरोसे का कत्ल

झांसी रोड थाना पुलिस ने पड़ताल की तो पता लगा कि आरोपी राधे गुर्जर को ऑनलाइन गेमिंग का जानलेवा चस्का लगा हुआ था। इस लत को पूरा करने के लिए वह मृतक पुरुषोत्तम से बेतहाशा ब्याज पर पैसा उधार लेता था। पहले राधे ही पुरुषोत्तम के ब्याज का पूरा कारोबार संभालता था। लेकिन जब राधे पर चार गुना ब्याज का कर्ज चढ़ गया, तो दोनों के बीच कड़वाहट आ गई। इसके बाद राधे ने रमन (हत्या आरोपी) के जरिए पुरुषोत्तम से लेन-देन शुरू कराया, जिससे पुरुषोत्तम का भरोसा रमन पर कायम हो गया। घटना वाले दिन भी रमन ही हिसाब-किताब के बहाने पुरुषोत्तम को घर से बुलाकर खेत पर ले गया था, जहाँ आरोपियों ने कुल्हाड़ी से काटकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।

'पितृ पर्वत पर महामंडलेश्वर बन जाइए...':

रीवा पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह का कैलाश विजयवर्गीय पर तंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रीवा

रीवा पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर अफसरशाही को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के मंत्री ही शिकायत कर रहे हैं कि अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते। वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल तक का जिक्र करते हुए सरकार पर कटाक्ष किया। सज्जन सिंह वर्मा ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम लेते हुए कहा कि वे भी तीन बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ह्यकैलाश जी भी 3 बार शिकायत कर चुके हैं और अपना रोना रो चुके हैं। मैं तो कहना चाहता हूं कि कैलाश जी, जब आपकी कोई नहीं सुन रहा तो आप अब आपने जो पितृ पर्वत पर मंदिर बनाया है, उसमें महामंडलेश्वर बनकर बैठ जाइए। वर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल जैसे वरिष्ठ नेता भी अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर संगठन के सामने शिकायत कर चुके हैं। उनके मुताबिक, जब भाजपा के बड़े नेताओं की बात भी अधिकारी नहीं सुन रहे हैं, तो इससे सरकार में मंत्रियों और अधिकारियों के बीच तालमेल पर सवाल उठते हैं। सज्जन सिंह वर्मा ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि मंत्रियों की शिकायतें अफसरशाही की स्थिति को दिखाती हैं।

टीईटी के लिए अब शिक्षकों की लिस्टिंग की तैयारी

34,200 शिक्षकों ने किया आवेदन; जिला-संभागवार सूची से तय किए जाएंगे परीक्षा केंद्र, शहरी-ग्रामीण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब आवेदकों की लिस्टिंग की तैयारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल कर्मचारी चयन मंडल से आवेदन करने वाले शिक्षकों की सूची मिलने के बाद उनकी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से लिस्टिंग कराएगा।

इसमें यह देखा जाएगा कि किस जिले और संभाग से कितने शिक्षकों ने आवेदन किया है और उनमें कितने शहरी क्षेत्रों में पदस्थ हैं तथा कितने ग्रामीण इलाकों में। इसी सूची के आधार पर परीक्षा केंद्रों की संख्या और उनके स्थान तय करने पर निर्णय लिया जाएगा। करीब डेढ़ लाख संभावित शिक्षकों में से केवल 34,200 ने ही परीक्षा के लिए आवेदन किया है। दो बार आवेदन की तारीख बढ़ाने के बाद भी संख्या में खास इजाफा नहीं हुआ। अब आवेदकों की वास्तविक संख्या के आधार पर परीक्षा की तैयारियां आगे बढ़ेंगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सितंबर में शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 11 अक्टूबर थी। कुल आवेदकों में करीब 20 हजार सरकारी स्कूलों के शिक्षक और 14 हजार निजी स्कूलों के शिक्षक बताए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब माध्यमिक शिक्षा मंडल को कर्मचारी चयन मंडल से आवेदकों की पूरी सूची मिलने का इंतजार है। आवेदकों की सूची मिलने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल उनकी पदस्थापना और क्षेत्र के आधार पर जानकारी तैयार करेगा।

लिस्टिंग में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों की संख्या अलग-अलग दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही जिले और संभाग के हिसाब से भी आवेदकों का ब्योरा तैयार होगा। इससे यह तय करने में मदद मिलेगी कि किस क्षेत्र में कितने परीक्षा केंद्रों की जरूरत होगी।

दशहरे के बाद बैठक, परीक्षा की तारीख पर होगा फैसला

परीक्षा की तारीख और केंद्रों के निर्धारण को लेकर दशहरे के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव बुद्धेश वैद्य और लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक प्रस्तावित है। इसमें आवेदकों की संख्या, उनकी क्षेत्रवार स्थिति और परीक्षा कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी। बैठक में परीक्षा की तारीख तय करने पर भी विचार किया जाएगा। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा कार्यक्रम घोषित करेगा।

32 हजार से अधिक पदों पर पदोन्नति का इंतजार

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के 32 हजार से अधिक पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शिक्षक पात्रता परीक्षा के इंतजार में है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सरकारी शिक्षकों को रिक्त पदों की उपलब्धता के आधार पर पदोन्नति मिलने की संभावना है। विभागीय स्तर पर जनवरी में परिणाम आने की स्थिति में पदोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। हालांकि, पदोन्नति की वास्तविक स्थिति परीक्षा परिणाम और उपलब्ध रिक्त पदों पर निर्भर करेगी। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद 22 दिसंबर तक आंदोलन स्थगित कर चुका अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा पात्रता परीक्षा नहीं कराने की मांग पर कायम है। संगठन चाहता है कि विधानसभा में संकल्प पारित कर तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर केंद्र सरकार को कानून में बदलाव का प्रस्ताव भेजा जाए।

सीहोर में आंधी-बारिश से माता के पंडालों के टेंट उड़े

महू में गरबा ग्राउंड में भरा पानी; रावण के पुतले भीगे, 11 जिलों में बारिश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश से नवरात्रि और दशहरे की तैयारियों पर बड़ा असर पड़ा है। सीहोर में माता के पंडालों के टेंट उड़ गए, जबकि महू में गरबा और माता के लिए तैयार पंडालों में पानी भर गया। यहां रावण के पुतले भी भीग गए।

पिछले 24 घंटे में इंदौर-उज्जैन समेत 11 जिलों में बारिश दर्ज की गई। शाजापुर के अवंतिपुर बड़ोदिया में सबसे ज्यादा पौन इंच और शुजालपुर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा।

बारिश वाले जिलों में अलीराजपुर, धार, उज्जैन, इंदौर, आगर, शाजापुर, श्योपुर, ग्वालियर, डिंडौरी, बड़वानी और सीहोर शामिल हैं। इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को सेंधवा, सीहोर और पीथमपुर में भी बारिश हुई थी। रीवा और सागर संभाग में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, 20 अक्टूबर के बाद से रात में ठंडक बढ़ सकती है। अगले दो दिन यानी, 18 और 19 अक्टूबर को कुछ जिलों में आंधी-बारिश होगी। इसके बाद कहीं भी अलर्ट नहीं है।

प्रदेश से लौटा मानसून, बारिश जारी

इस बार प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। पिछले 3 दिन से कई जिलों में तेज बारिश भी हुई। रविवार को भी अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है।

अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं, रात में ठंडक है। वहीं, कई जिलों में बारिश भी हो रही है। इस बार प्रदेश में 100 दिन तक दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव रहा है।

जानिए, किस हिस्से में क्या स्थिति

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है, लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 5% से 21% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9% से 51% कम पानी गिरा है।

इन 25 जिलों में कोटा फुल- भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, मंडला, डिंडौरी, ग्वालियर, गुना, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर-मालवा, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर। बाकी 30 जिलों में कम बारिश हुई। इनमें नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, अशोकनगर, मुरैना, मंदसौर, खंडवा, बड़वानी, नीमच, जबलपुर, रीवा, सागर, देवास, सिवनी, सीहोर, शिवपुरी, रायसेन, छिंदवाड़ा, विदिशा, शाजापुर, पांढुर्णा, इंदौर, उज्जैन, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रतलाम, झाबुआ, धार और आलीराजपुर शामिल हैं।

बाइक से देवियों के दर्शन कर गांव लौट रहा था परिवार

कार की टक्कर से पति-पत्नी की मौत, 3 बेटियां घायल, एक गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पांढुर्णा

पांढुर्णा के तिगांव हाईवे पर शनिवार रात 12 बजे फोरलेन सड़क पार करते समय कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनकी तीन मासूम बेटियां घायल हो गईं। परिवार देवियों के दर्शन कर अपने गांव चाटवा लौट रहा था।

हादसे के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चियों में से एक को गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी अमित दानी के अनुसार, मृतकों की पहचान चाटवा गांव निवासी वासुदेव उईके (40) और उनकी पत्नी सुनीता उईके (35) के रूप में हुई है। दोनों अपनी तीन बेटियों के साथ बाइक से लौट रहे थे। हादसे में माता-पिता की मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चियां घायल हो गईं। हादसे में घायल तीन वर्षीय वैष्णवी के पैर की हड्डी टूट गई है। उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर किया। वहीं, पांच वर्षीय राखी और सात वर्षीय सोनू को पांढुर्णा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों का इलाज जारी है।

फोरलेन पार करते समय कार ने मारी टक्कर

जानकारी के अनुसार, दंपती तीनों बेटियों के साथ देवियों के दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद परिवार एक ही बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहा था। इसी दौरान तिगांव हाईवे पर फोरलेन सड़क पार करते समय कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि पति-पत्नी की जान चली गई और तीनों बच्चियां घायल हो गईं। थाना प्रभारी अमित दानी ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। कार की पहचान कर ली गई है। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है

कब्जा हटाने पहुंचे पुलिस, प्रशासन और वन अमले पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पन्ना

पन्ना में वन भूमि से कब्जा हटाने पहुंची वन, प्रशासन और पुलिस टीम का गांववालों से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दो वन कर्मचारी समेत 25 लोग घायल हैं। कुछ घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वन विभाग के अफसरों के अनुसार, अजयगढ़ रेंज के पेराहा गांव में करीब 30 हेक्टेयर वन भूमि पर पटेल समाज के लोग लंबे समय से खेती कर रहे थे। इससे पहले भी कब्जा हटाने के प्रयास हुए, लेकिन विवाद के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। रविवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच छतरपुर और पन्ना रेंज के वन अधिकारी-कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई शुरू की। वन भूमि को दोबारा कब्जे से बचाने के लिए विभाग ने मजदूरों से वृक्षारोपण शुरू कराया। इसी दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। अस्पताल में भर्ती विनोद पटेल ने आरोप लगाया कि पुलिस और वन विभाग की टीम ने बिना पूर्व नोटिस दिए सुबह कार्रवाई शुरू कर दी। विरोध करने पर महिलाओं और ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई। मारपीट में सोना पटेल (22), विनोद पटेल (32), दिनेश पटेल (30), राधा पटेल (20) और रजनीश पटेल (22) घायल हुए हैं।

'2019 में चुनाव हारा तो लगा कमी मुझमें ही है', आत्मविश्वास से दोबारा उठें

सिंधिया बोले- दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय खुद को बदलें

सिंधिया ने खुद के बारे में बताया कि मैंने छह साल नौकरी की है, सिंधिया ने अपने जीवन के कठिन समय के बारे में बताया।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोकनगर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को अशोकनगर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में अपने जीवन के कठिन दौर का जिक्र किया। उन्होंने मंच से 2019 में चुनाव हारने के बाद अपने मन में चल रही बातों को युवाओं के साथ साझा किया। सिंधिया ने कहा जब मैं 2019 में चुनाव हारा, उस समय मेरे मन में यही चल रहा था कि कमी मुझमें है। अपने आप को कैसे परिवर्तित करना है और कैसे दोबारा लोगों से वह रिश्ता बनाना है। दरअसल, युवा संवाद कार्यक्रम में एक युवा ने सिंधिया से सवाल पूछा था कि जब आपके जीवन में कठिन समय आते हैं तो आप उनका सामना कैसे करते हैं। इसी सवाल का जवाब देते हुए सिंधिया ने अपने जीवन के दो कठिन समय के उदाहरण दिए।

सिंधिया ने कहा कि जब मैं 2019 में चुनाव हारा, साधारण तौर पर जब हम फेल हो जाते हैं तो दूसरे लोगों पर इल्जाम लगाते हैं। हम भूल जाते हैं कि एक उंगली दूसरे पर उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारी ओर होती हैं।





उस समय मेरे मन में यही चल रहा था कि कमी मुझमें है। अपने आप को कैसे परिवर्तित करना है, कैसे दोबारा लोगों से वह रिश्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि दुख होता है, उस दुख के साथ शक्ति भी होनी चाहिए कि हम दोबारा उठेंगे और मेहनत करेंगे। दोबारा सफलता की तरफ चलेंगे। अगर वह शक्ति और आत्मविश्वास का संगम होगा तो मेहनत और लगन से आगे बढ़ेंगे। सिंधिया ने युवाओं से कहा कि जिंदगी में ऐसे मोड़ आएंगे, जहां आपको प्रश्न करना पड़ेगा कि मैं क्या करूं। उस समय प्रश्न दिमाग से मत करो, दिल से प्रश्न करो। सिंधिया ने अपने जीवन के पहले कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि 2001 में बेंगलुरु जा रहा था। उस समय फोन आया कि पिता का निधन हो गया। ऐसी दुख की घड़ी में भी भगवान आपको अंदर से शक्ति देता है।

खनिज विभाग की टीम ने रेत खनन के रास्ते रोके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बालाघाट



बालाघाट जिले में खनिज विभाग ने रेत के अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए कार्रवाई की है। विभाग ने रविवार को किरनापुर और लांजी क्षेत्र में तीन जगहों पर रेत खदानों तक जाने वाले रास्ते जेसीबी से खोदकर बंद कर दिए। यह कार्रवाई पौनी, पीपलगांव खुर्द और सोन नदी के इलाकों में की गई। इन रास्तों पर गड्ढे खोद दिए गए हैं, ताकि रेत निकालने वाले वाहन नदी तक न पहुंच सकें।

दरअसल, इन इलाकों से लगातार अवैध तरीके से रेत निकाली और ले जाई जा रही थी। विभाग को इसकी शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन इस पर रोक नहीं लग पा रही थी। खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

सरकार बदलने के नारों पर कंगना का तंज

फ्रांस हिंसा और वर्ल्ड वॉर के माहौल में प्रधानमंत्री मोदी जरूरी

बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने रविवार को विपक्ष के सरकार बदलने वाले बयानों पर तंज कसा है। रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष की निम्न स्तर की हरकतें देश को बार-बार याद दिला रही हैं कि भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे मजबूत नेतृत्व की जरूरत है।

कंगना ने फ्रांस में हुई हिंसा और तीसरे विश्व युद्ध के मंडराते खतरे का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में देश की कमान मजबूत हाथों में होना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कोलकाता में दुर्गा पूजा पांडाल में हुई भगदड़ पर भी दुख व्यक्त किया।



विपक्ष की ओर से सरकार बदलने और रेजीम चेंज की मांगों पर सवाल पूछे जाने पर कंगना रनोट ने कहा कि ऐसी हरकतें देश की जनता को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि शनिवार रात फ्रांस में क्या हुआ, यह सबने देखा है। वहां ऐतिहासिक इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया, संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया और लूटपाट हुई। कंगना ने कहा कि दुनिया भर में चल रही अस्थिरता और तीसरे विश्व युद्ध की आशंका के बीच विपक्ष रोज यह साबित कर रहा है कि देश को पीएम मोदी के नेतृत्व की आवश्यकता क्यों है।

कंगना रनोट ने अपनी बातचीत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव और वैश्विक संघर्षों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब दुनिया भर के देशों में आंतरिक अशांति और युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं, तब भारत को एक स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझदार है और वह देख रही है कि किस तरह की बयानबाजी की जा रही है।

स्पिरिट से प्रभास का नया पोस्टर जारी...

दीपिका पर लगा था मूवी की कहानी लीक करने का आरोप, जानिए फिल्म किन-किन वजहों से चर्चा में रही

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी अपकमिंग फिल्म स्पिरिट का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रविवार शेयर किया। पोस्टर में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास काले कपड़ों, टोपी और चश्मे में नजर आ रहे हैं।उनका लुक काफी गंभीर दिख रहा है। इसके साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आई है। स्पिरिट 29 अक्टूबर 2027 को दिवाली के मौके पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रणय रेड्डी वांगा और प्रभाकर रेड्डी वांगा फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। मेकर्स ने इससे पहले फिल्म से 2026 के न्यू ईयर के दिन प्रभास का फिल्म से पहला लुक जारी किया था। पोस्टर में वह घायल पीठ के साथ गंभीर अंदाज में नजर आए थे। पोस्टर में फीमेल लीड तृप्ति डिमरी प्रभास के किरदार को सिगरेट जलाते हुए दिखी थीं। बता दें कि फिल्म में विवेक ओबेरॉय भी हैं। ऐश्वर्या देसाई इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं।

मॉनस्टर से होता स्पिरिट का क्लैशः अब रामायण 2 से टक्कर स्पिरिट की रिलीज को लेकर सलमान खान की फिल्म मॉनस्टर से बॉक्स ऑफिस क्लैश की चर्चा थी। फिल्म पहले 5 मार्च, 2027 को ईद के मौके पर रिलीज होने वाली थी। इसी दिन सलमान खान की एक्शन फिल्म मॉनस्टर भी सिनेमाघरों में आने वाली थी। ऐसे में ईद 2027 पर प्रभास और सलमान खान की फिल्मों के बीच सीधा मुकाबला होता। अब स्पिरिट 29 अक्टूबर, 2027 को दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। इस तरह ईद पर मॉनस्टर से होने वाला क्लैश टल गया है। हालांकि, दिवाली पर प्रभास की स्पिरिट का मुकाबला रणबीर कपूर की रामायण पार्ट 2 से होगा।


स्पिरिट से बाहर होने पर विवाद हुआ

स्पिरिट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने को लेकर फिल्म चर्चा में आ गई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका ने प्रतिदिन केवल 6 से 8 घंटे की शिफ्ट में काम करने की शर्त रखी थी, जिससे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा सहमत नहीं थे।

वहीं, संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय रेड्डी वांगा ने स्पिरिट से दीपिका के बाहर होने को लेकर बड़ा दावा किया था। इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि दीपिका ने फिल्म के लिए भारी फीस के साथ 10% प्रॉफिट शेयर मांगा था। मेकर्स उनकी मांग से सहमत नहीं हुए थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे कलाकारों पर विचार शुरू किया था।



सलमान के माता-पिता की शादी के खिलाफ थे नाना



सलमान खान ने शनिवार को टीवी शो बिग बॉस में बताया कि उनकी मां सलमा खान से शादी को लेकर उनके नाना, सलीम खान से नाराज थे। उन्होंने सलीम खान से 5 साल तक बात नहीं की।

सलमान के मुताबिक, नाना की नाराजगी धर्म को लेकर नहीं थी। उन्हें चिंता थी कि उनकी बेटी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक ऐसे व्यक्ति से शादी कर रही है, जो अभिनेता बनना चाहता था। सलमान ने बताया कि उनकी मां के भाई-बहन इस शादी के लिए तैयार थे और सलीम खान को पसंद करते थे, लेकिन नाना को चिंता थी कि उनकी बेटी फिल्म इंडस्ट्री के माहौल में कैसे रहेगी।

सलमान ने बताया कि सोहेल के जन्म के बाद नाना मिठाई लेकर उनके घर पहुंचे थे। उन्हें इस बात का अफसोस था कि वे अपने नातियों को बड़ा होते नहीं देख पाए। सलमान के मुताबिक, नाना को इस बात का पछतावा आखिरी सांस तक रहा।

उन्होंने यह भी बताया कि जब कभी सलमा और सलीम के बीच झगड़ा होता और सलमा मायके जातीं, तो नाना उन्हें घर में नहीं आने देते थे। वे कहते थे कि सलमा कभी भी घर आ सकती हैं।

सलमान ने पिता से मांगी माफी

शनिवार को एपिसोड में सलमान खान ने कहा, हम सभी को कभी न कभी किसी बात का पछतावा होता है। कुछ दिन पहले मैं अपने पिता के साथ बैठा था। मैंने उनसे कहा कि अगर बेटे के तौर पर मुझसे कभी कोई गलती हुई हो, मेरी किसी बात से उन्हें दुख पहुंचा हो या मैंने उन्हें निराश किया हो, तो मुझे माफ कर दें।

सलीम और सलमा की प्रेम कहानी

सलीम खान और सलमा खान की प्रेम कहानी तब शुरू हुई, जब दोनों के अपार्टमेंट आमने-सामने थे। उस समय सलमा का नाम सुशीला चरक था। दोनों ने 1964 में शादी की। शादी के बाद सुशीला ने अपना नाम बदलकर सलमा रख लिया। इस शादी से दोनों के चार बच्चे सलमान, अरबाज, सोहेल और अलवीरा हुए। सलीम खान ने बताया था कि शादी के बाद उनका नाम भी शंकर हो गया था। दरअसल, सलीम खान से अरबाज खान के शो में एक सवाल पूछा गया था कि उनका नाम शंकर कैसे पड़ा था। सलीम खान ने कहा था कि उनके और सलमा के बारे में जब उनके घर पर पता चला था, तो सलमा की नानी उनका काफी समर्थन करती थीं। सलीम खान ने आगे कहा था कि सलमा की नानी उस घर में इकलौती थीं, जो उनसे बात करती थीं। पता नहीं क्यों और किस वजह से, लेकिन वे उन्हें शंकर कहती थीं।

कर्ज के बीच राजपाल का पत्नी के लिए इमोशनल पोस्ट, मुश्किल दौर में भी साथ नहीं छोड़ा



कर्ज के चेक बाउंस मामले और लंबे कानूनी विवाद का सामना कर रहे एक्टर राजपाल यादव ने अपनी पत्नी राधा यादव के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है।

राजपाल यादव ने कठिन समय में मजबूती से साथ खड़े रहने के लिए अपनी पत्नी को 'परिवार का हीरा' बताया है। उन्होंने कहा कि जिंदगी की आपाधापी और मुश्किल समय में आपा खोए बिना राधा ने उनका और पूरे परिवार का साथ निभाया। राजपाल ने कहा कि उनकी जिंदगी में सबसे बड़ा कर्ज उनकी पत्नी का है। यह पोस्ट राजपाल ने उनकी पत्नी के जन्मदिन पर किया। राजपाल यादव की पत्नी राधा उनसे 13 साल छोटी हैं।


पत्नी राधा के जन्मदिन के मौके पर राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम पर एक खास फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा कि माता-पिता, गुरु और परमात्मा के बाद अगर उनकी जिंदगी में किसी का सबसे बड़ा कर्ज है, तो वह उनकी पत्नी राधा का है। इस कर्ज को वे खुशी से स्वीकार करते हैं। राजपाल ने लिखा कि मेरे साथ इतना सब कुछ सहने के बाद भी तुमने परिवार के बच्चों को अच्छे से पढ़ाया-लिखाया और उन्हें जिंदगी की सीख दी। यह सपना मेरा था, लेकिन इसे तुमने पूरा किया।

राजपाल यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि राधा ने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि अपना सब कुछ परिवार की खुशियों के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने लिखा, सच में तुम हमारे परिवार में एक हीरा हो।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

माथा पच्ची

5		11		55		35	=	35
	■		■		■		■	
25		22		50		30	=	23
	■		■		■		■	
50		10		2		5	=	35
	■		■		■		■	
40		10		4		4	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
35		33		14		21	=	37 / 37

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

बी	अ	मे	रि	क	पा	तू	फ	स	प	क
ब	खु	क	प	ई	ठे	ने	खि	या	ड	क
अ	दा	जा	ला	र	ग	स	द	ह	प	क
जी	ग	ल	पा	ब	दू	स	पा	ह	लि	ल
त	ना	अ	ली	न	जा	ला	कि	या	प	दे
आ	इ	इ	मो	व	प	का	रला	ह	सु	बां
ग	जी	ल	इ	व	प	रि	ज	व	प	ग
र	रि	भा	र	त	घ	स	ल	ल	खि	ला
क	या	ना	तें	व	न	ज	जी	शा	चू	दे
र	ज	ल	प	व	सिं	ह	र	अ	प	ड
यां	स	ल	प	रु	स	स	ला	प	क	र

शब्दजाल में सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

चीन, भारत, अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांग्लादेश, रुस, नाइजीरिया, जापान

अष्टयोग

3	2		6		5	1
4	28		38	2	31	
		7		4		3
6	38		36		28	6
		6		1		2
7	32		29	5	37	
2	5		3	6		4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

50	+	30	-	50	-	20	=	10
-	■	+	■	-	■	x	■	+
20	+	4	+	45	-	20	=	30
+	■	-	■	+	■	+	■	-
40	-	20	x	2	+	2	=	20
-	■	x	■	+	■	+	■	+
30	x	1	-	20	+	10	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
40	-	14	+	27	-	20	=	33 / 37

अष्टयोग का हल

3	6	2	4	1	7	5
1	25	3	26	5	40	7
4	5	1	3	7	2	6
7	37	6	35	2	27	3
6	3	5	7	4	1	2
5	33	4	42	6	26	1
2	1	7	6	3	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

सरल

	7	9	4	2		6		3
	6		8		7		2	
4	1				3	5	8	
	9	8	3					
7		4		5		8		1
					9	7	3	
	8	5	7				4	6
	2		9		1		5	
3		1		6	8	9	7	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

8	9	5	1	3	7	2	4	6
7	3	2	6	5	4	1	8	9
1	6	4	8	9	2	7	5	3
5	7	3	4	2	9	6	1	8
4	2	8	5	6	1	3	9	7
6	1	9	3	7	8	5	2	4
3	5	1	9	4	6	8	7	2
2	4	6	7	8	5	9	3	1
9	8	7	2	1	3	4	6	5

ट्रम्प ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाला कानून रोका

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस पर सख्त प्रतिबंध लगाने वाले कानून को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने शुक्रवार को इस फैसले से जुड़े आदेश पर हस्ताक्षर किए और कहा कि यह कदम अमेरिका के हित में है। इस कानून के तहत रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता था। इन देशों में चीन, भारत, स्लोवाकिया समेत हंगरी और अजरबैजान शामिल थे।

प्रतिबंध से जुड़े कानून का मकसद रूस की कमाई के रास्ते बंद करना था, ताकि यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध के लिए उसे पैसा जुटाने में मुश्किल हो। खास बात ये है कि ट्रम्प ने 9 अक्टूबर को ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ डीजल खरीदने की डील की थी।

ट्रम्प को 30 दिन के अंदर फैसला लेना था

ट्रम्प ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल (लिंडसे ग्राहम एक्ट) पर 18 सितंबर 2026 को साइन किए थे। 16 सितंबर को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने इसे 262-159 वोटों से मंजूरी दी थी। कानून पर साइन करने के बाद ट्रम्प को प्रतिबंध लगाने का फैसला 30 दिन के अंदर करना था। हालांकि, ट्रम्प ने इससे पहले ही प्रतिबंधों और टैरिफ पर छूट दे दी। भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। अगस्त 2026 में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी करीब 45% थी।



भारत ने अगस्त में रूस से रोजाना औसतन 20.8 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा था। ऐसे में रूस से तेल खरीदने पर 100% तक टैरिफ लगने का खतरा भारत के लिए चिंता की वजह था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत तेल की उपलब्धता और दुनिया के हालात को देखकर अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने का फैसला करता है। भारत पहले भी अमेरिकी अधिकारियों के सामने यह मुद्दा उठा चुका है। जानकारों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर असर के बीच रूस से तेल की सप्लाई कम करना दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ा सकता है। इसलिए अमेरिका के लिए रूस पर और सख्त प्रतिबंध लगाना आसान फैसला नहीं है।

मिडटर्म चुनाव से पहले तेल की कीमतों की चिंता


रूस को प्रतिबंधो से राहत देने का फैसला ट्रम्प ने ऐसे समय लिया है, जब अमेरिका में तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। यूक्रेन के रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमलों से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

रक्षा मंत्री बोले- ऐसा दृश्य कभी नहीं देखा; यहां 1300 कर्मचारी तैनात थे

कनाडा में सैन्य अड्डे पर धमाका, कई सैनिक मारे गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अल्बर्टा






कनाडा के अल्बर्टा के सैन्य अड्डे पर शनिवार को जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। इसमें कई सैनिक और कर्मचारी मारे गए। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैंने ऐसा दर्दनाक दृश्य पहले कभी नहीं देखा। मृतकों और घायलों की संख्या फिलहाल नहीं बताई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर इसे गंभीर घटना बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन साथ मिलकर राहत और बचाव के काम में जुटी है। इस सैन्य अड्डे पर 1300 से ज्यादा सैनिक और कर्मचारी काम करते है।

कनाडा के सैन्य अड्डे पर आग लगने की घटना के बाद एडमंटन के अस्पतालों में बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, विस्फोट के बाद तेज हवाओ के कारण आग सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई। कई इलाकों से दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे।


रॉयल एलेक्जेंड्रा अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर वॉरेन थिर्स्क ने इसे 15 से 25 साल में एक बार होने वाली बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि शहर के स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह भर गए। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि धमाका कैसे हुआ और आग लगने की वजह क्या थी। रक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने कहा कि कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस घटना की जांच कर रही है। अल्बर्टा में यह सैन्य अड्डा कनाडा के अहम आर्मी ट्रेनिंग कैंप्स में से एक है। यहां सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार किया जाता है।



यहां कनाडियन मैनूवर ट्रेनिंग सेंटर भी है, जहां जवान युद्ध के मैदान जैसी परिस्थितियों में ट्रेनिंग लेते हैं। इसके अलावा, यहां तीसरे कनाडाई डिवीजन के सैनिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।

कैप्टन अमेरिका बनकर पहुंचे प्रदर्शनकारी, 143 साल पुरानी इमारत में आग लगाई

हिंसा: फ्रांस में दुकानों से आईफोन लूटे





ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्रांस

फ्रांस में महंगाई के खिलाफ शनिवार को 8 लाख लोग सड़कों पर उतर आए। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पत्थर फेंके और पुलिसकर्मियों को दौड़ाया।

कुछ जगहों पर एपल स्टोर्स से आईफोन भी लूटे गए। वहीं, लिमोज शहर में प्रदर्शनकारियों ने 143 साल पुराने टाउन हॉल में आग लगा दी। प्रदर्शन में कुछ लोग जोकर और कैप्टन अमेरिका जैसे किरदारों की पोशाक पहनकर भी पहुंचे।

यह आंदोलन करीब एक महीने पहले छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था। धीरे-धीरे इसमें महंगाई और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध भी जुड़ गया। फ्रांस में बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों के विरोध में शनिवार को 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी पेरिस में राष्ट्रपति भवन एलिजे पैलेस से महज 400 मीटर दूर प्रदर्शनकारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया और गाड़ियों में आग लगा दी। करीब 12 सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, लिमोज शहर में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने टाउन हॉल में आग लगा दी। इससे 143 साल पुरानी इमारत लगभग पूरी तरह तबाह हो गई। देश के कई हिस्सों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी रही। फ्रांस में करीब एक महीने से प्रदर्शन चल रहे हैं। शुरूआत स्कूली छात्रों के विरोध से हुई थी, जो धीरे-धीरे सामाजिक आंदोलन में बदल गया है। 5 अक्टूबर को उत्तरी फ्रांस के लेंस शहर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस के एक ग्रेनेड से 15 साल के एक लड़के का हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसे काटना पड़ा। इस घटना ने पुलिस की सख्त कार्रवाई को लेकर लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया फ्रांस में इससे पहले स्कूली छात्रों के किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में हिंसक घटनाएं नहीं देखी गई थीं। अब तक देशभर में हुई झड़पों में 200 से ज्यादा छात्र, स्कूलों के 85 कर्मचारी और 700 पुलिसकर्मी घायल हो चुके हैं।

पहली ब्रीफिंग में जुबान लड़खड़ाई थी

ट्रम्प ने 5 दिन में ही प्रेस सेक्रेटरी को हटाया, वकील होने के दावे पर सवाल उठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी नई प्रेस सेक्रेटरी केटी जकारिया को पद से हटा दिया है। जकारिया ने सोमवार को काम शुरू किया था और सिर्फ 5 दिन बाद, 16 अक्टूबर को उन्होंने पद छोड़ दिया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि जकारिया पद से हट रही हैं। ट्रम्प ने उनसे नौकरी पर दोबारा विचार करने को कहा था। जकारिया के वकील होने की योग्यता पर सवाल उठे थे। इसके अलावा वे अपनी पहली प्रेस ब्रीफिंग सही से नहीं दे पाईं थीं। एक सवाल पर अपने पति को उन्होंने गलती से माय प्रेसिडेंट कह दिया था।

जेडी वेंस के बुलाने पर इंटरव्यू बीच में छोड़कर चली गईं केटी

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रेस सेक्रेटरी के पद से हटने के पहले केटी जकारिया का उनके रिपोर्टर के साथ इंटरव्यू चल रहा था। तभी व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ सलाहकार उनके ऑफिस पहुंचे और बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनसे बात करना चाहते हैं। इसके बाद केटी इंटरव्यू बीच में छोड़कर चली गईं और नहीं लौटीं।



जकारिया के पास वकालत का लाइसेंस नहीं मिला

ट्रम्प ने जकारिया को प्रेस सेक्रेटरी बनाने का ऐलान करते हुए कहा था कि उन्होंने पेपरडाइन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। लेकिन उनके पास अमेरिका में वकालत का लाइसेंस होने का सबूत नहीं मिला। गुरुवार को फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जकारिया ने कहा कि उन्होंने वकालत की परीक्षा पास नहीं की है। अमेरिका में वकील बनने के लिए आमतौर पर परीक्षा पास कर लाइसेंस लेना जरूरी होता है। जकारिया ने अंतरराष्ट्रीय कारोबारी कानून के क्षेत्र में काम करने की बात कही थी, लेकिन कानून की पढ़ाई करना और वकालत का लाइसेंस होना अलग-अलग बातें हैं।


पाकिस्तान- अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी

7 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत; इस साल दोनों देशों के बीच हमलों में 1100 आम नागरिक मारे जा चुके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अफगानिस्तान

पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर शनिवार को भारी गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है। वहीं, पाकिस्तान ने दावा किया है कि जवाबी हमले में कई अफगान तालिबानी लड़ाके मारे गए और उनका एक सैन्य ठिकाना तबाह कर दिया गया। दोनों देशों के बीच यह झड़प विवादित डूरंड लाइन पर हुई।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अब तक अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली हिंसा के कारण 1100 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है। पाकिस्तान ने कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने उसके चेकपॉइंट्स पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। वहीं, अफगान सुरक्षा सूत्रों ने पाकिस्तान पर संघर्ष शुरू करने और बिना अनुमति सीमा चौकियां बनाने की कोशिश का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैनिकों को नुकसान पहुंचाने के दावे किए हैं। अफगान सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पहले गोलीबारी की। उनके मुताबिक, अफगान बलों ने जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान ने इसके उलट कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में उसके चेकपॉइंट्स पर गोली चलाई।



पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को हुई एक अलग गोलीबारी में कई अफगान तालिबान लड़ाकों को मारने का दावा किया। उन्होंने एक तालिबानी सैन्य बेस कैंप नष्ट करने की बात भी कही। इस्लामाबाद ने आरोप लगाया कि अफगान बलों ने आतंकियों को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसाने में मदद के लिए गोलीबारी की। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच क्या विवाद है?

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले साल अक्टूबर में सीमा पर बड़ी झड़पों के बाद से कई बार सैन्य टकराव हो चुका है। विवाद की एक बड़ी वजह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान है।

रिजिजू बोले- भारत न तो बांग्लादेश न फ्रांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को आरोप लगाया कि फ्रांस और बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं जैसी साजिश भारत में भी रची गई थी। रिजिजू ने कहा कि ऐसी खतरनाक साजिश रचने वाले यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। रिजिजू ने पर पोस्ट के अलावा एक वीडियो भी शेयर किया। जिसमें राहुल गांधी और नेहा बोरा को दिखाया गया है। दरअसल 14 अक्टूबर पहले नेहा बोरा का बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के समर्थन वाला वीडियो सामने आया था। नेहा बोरा ने दो दिन पहले बांग्लादेश के सोशलिस्ट स्टूडेंट्स फ्रंट को उनके छठे सेंट्रल कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई देते हुए एक वीडियो मैसेज भेजा था। इसमें उन्होंने कहा कि भारत का जेन-जी आंदोलन बांग्लादेश के आंदोलन से प्रेरित है।

बिना क्लिक के डिवाइस में घुस सकता है मालवेयर; यूएन और नाटो के नेटवर्क तक पहुंच


इजराइली कंपनी के विज्ञापनों के जरिए जासूसी की कोशिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोरंटो

टोरंटो यूनिवर्सिटी की सिटिजन लैब की जांच में खुलासा हुआ है कि इजराइली कंपनी डिस्कवर टेक के विज्ञापनों के जरिए मोबाइल और कंप्यूटर में जासूसी मालवेयर (एक तरह का सॉफ्टवेयर) पहुंचाने की कोशिश की गई।

इसके लिए यूजर को विज्ञापन पर क्लिक करने की जरूरत भी नहीं थी। जांच में 1.20 लाख से ज्यादा वेबसाइटों और 75 हजार से ज्यादा ऐप पर ऐसे विज्ञापनों के रिकॉर्ड मिले। इनमें संयुक्त राष्ट्र और नाटो के नेटवर्क तक विज्ञापन पहुंचने की बात भी सामने आई है। रिकॉर्ड में भारत में इस्तेमाल होने वाले टूकॉलर, एमएक्स प्लेयर और लूडो स्टार जैसे ऐप भी शामिल हैं।

जांच में 'डार्क कार्टोग्राफर' नाम के एक अन्य समूह का भी पता चला। यह समूह विज्ञापनों के जरिए 30 से ज्यादा देशों में लोगों के मोबाइल नंबर पता लगाने की कोशिश कर रहा था।



कैसे होती थी जासूसी

1. निशाना कैसे बनाते थे?- हैकिंग करने वाले सामान्य विज्ञापनों के जरिए फोन और कंप्यूटर तक पहुंचने की कोशिश करते थे। इसके लिए यूजर का विज्ञापन पर क्लिक करना जरूरी नहीं था। कुछ मामलों में विज्ञापन स्क्रीन पर दिखाई दिए बिना भी कोड डिवाइस तक पहुंच सकता था।

2. डिवाइस की पहचान कैसे करते थे?- विज्ञापन से जुड़े कोड के जरिए यह पता लगाने की कोशिश होती थी कि कौन-सा व्यक्ति किस ऐप या वेबसाइट का इस्तेमाल कर रहा है। डिवाइस से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जाती थी।

3. जासूसी सॉफ्टवेयर कैसे पहुंचता था?- पहले जुटाई गई जानकारी के आधार पर चुनिंदा डिवाइस को निशाना बनाया जाता था। विज्ञापन के जरिए उन डिवाइस तक जासूसी सॉफ्टवेयर पहुंचाने की कोशिश होती थी। यूजर को इसकी जानकारी नहीं होती थी।

4. कितने बड़े पैमाने पर हुई कोशिश?- जांच के मुताबिक, डिस्कवर टेक ने 161 देशों में विज्ञापन दिखाने की कोशिश की। कंपनी के एक सर्वर पर जनवरी से जून 2026 के बीच 36.4 लाख से ज्यादा संभावित यूजर्स के रिकॉर्ड मिले। इन यूजर्स के डिवाइस तक कोड पहुंचाने की व्यवस्था थी। जांचकताओं के मुताबिक, इस नेटवर्क का दायरा इससे भी बड़ा हो सकता है।

5. हमले पकड़ में क्यों नहीं आए?- विज्ञापन सामान्य दिखाई देते थे और हर यूजर को एक जैसा कोड नहीं भेजा जाता था। चुनिंदा डिवाइस को ही निशाना बनाए जाने से इस गतिविधि का पता लगाना मुश्किल हो सकता था।

6. गूगल ने क्या कार्रवाई की?- रिपोर्ट के मुताबिक, डिस्कवर टेक 2020 से गूगल की प्रमाणित विज्ञापन कंपनियों की सूची में शामिल थी। सिटिजन लैब के खुलासे के बाद गूगल ने कंपनी को इस सूची से हटा दिया।

बीबीसी, न्यूयॉर्क टाइम्स और रक्षा एजेंसियों तक पहुंचे विज्ञापन

जांच में बीबीसी, न्यूयॉर्क टाइम्स, फॉक्स न्यूज, सीबीसी और याहू जैसी वेबसाइटों पर संदिग्ध विज्ञापन दिखने के रिकॉर्ड मिले। इनके अलावा अमेरिका के रक्षा विभाग, स्वीडन के सशस्त्र बलों और नॉर्वे की पुलिस के नेटवर्क तक भी विज्ञापन पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के नेटवर्क पर भी ऐसे विज्ञापन दिखे। कई देशों के सरकारी कार्यालयों और चुनावों की निगरानी करने वाली संस्थाओं के नेटवर्क भी इनके निशाने पर रहे।

■ वर्ष-12 अंक-346 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

कुलं छलं धनं चैव रुपं यौवनमेव च।
विद्या राज्यं तपश्च एते चाष्टमदाः स्मृताः।।

भावार्थ : कुल, छल, धन, रुप, यौवन, विद्या, अधिकार, और तपस्या ये आठ मद हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 19 अक्टूबर, 2026

ज्ञानवानेन सुखवान् ज्ञानवानेव जीवति।
ज्ञानवानेव बलवान् तस्मात् ज्ञानमयो भव।।

भावार्थ : ज्ञानी सुखी होता है, और ज्ञान हिंदी में मतलब (मीनिंग) होता है, जो ज्ञानी है, इसलिए तुम बुद्धिमान हो जाते हो।

सम्पादकीयम्

सत्यनिकेतनघटना

सत्यनिकेतन-प्रसङ्गे सप्तछात्राणां मृत्योः कारणात् अन्यः गम्भीरः प्रश्नः उत्पन्नः यत् बृहद्नगरेषु छात्राः सम्यक कुत्र निवसन्ति? छात्राः सुरक्षितस्य असुरक्षितस्य च आवासस्य भेदं कथं कर्तुं शक्नुवन्ति इति सर्वाधिकं आव्हानं वर्तते। पर्याप्त आवासस्य अभावात् ते प्रायः पीजी (अतिथिवासस्य भुक्तं) स्थातुं बाध्यन्ते। सत्य निकेतन घटना से उत्पन्न प्रश्न दिल्लीनगरस्य सत्यनिकेतनस्य घटनायाः अनन्तरं प्रशासनिकप्रमादस्य निरीक्षणस्य च विषयेभ्यः परं अन्यत् समस्या अग्रे आगता अस्ति यत् स्वशिक्षणार्थं प्रमुखनगरेषु आगच्छन्तः छात्राः काः जीवनव्यवस्थाः सन्ति? किं ते सुरक्षितं निवासस्थानं प्राप्नुवन्ति, कियत्पर्यन्तं च जनहितमुकदमस्य श्रवणं कुर्वन् दिल्ली उच्चन्यायालयेन स्वीकृतं यत् पर्याप्तछात्रगृहस्य अभावेन ते निजीपीजी-इत्यस्य उपरि अवलम्बितुं बाध्यन्ते। संस्थानां प्रसारः २०१४ तमे वर्षे २०२४ तमे वर्षे च देशे विश्वविद्यालयानाम् संख्यायां प्रायः ६०%, महाविद्यालयानाम् संख्यायां च दशके २१% वृद्धिः अभवत् अस्मिन् एव काले छात्राणां नामाङ्कनं ३०% अधिकं वर्धितम्। परन्तु छात्रावाससुविधानां विषये अपि तथैव वक्तुं न शक्यते। यदा आसनानि वर्धन्ते, नूतनाः संस्थाः अपि उद्घाट्यन्ते-प्रतिवर्षं लक्षशः छात्राः गृहं त्यक्त्वा बृहन्नगरेभ्यः गच्छन्ति-तदा तेषां कृते आश्वासितः निवासः नास्ति। दिल्लीविश्वविद्यालयस्य आँकडा एव एतस्य पुष्टिं कुर्वन्ति यत् लक्षद्वयाधिकाः छात्राः सन्ति, तथापि छात्रावाससुविधाः केवलं कतिपयानां सहस्राणां कृते एव पूर्यन्ते।

सर्वोच्चन्यायालयेन नियुक्ता समितिः जन्तरमन्तरहिंसायाः

अन्वेषणार्थं पोर्टल् प्रारभते; गोपनीयशिकायतां प्रमाणानां च प्रस्तुतीकरणस्य अनुमतिं ददाति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



हिंसायाः, गोलीबन्दूकानां कथितप्रयोगस्य, पुलिस-आन्दोलनकारिणां च मध्ये संघर्षस्य अन्वेषणं-यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासे दिल्लीनगरस्य जन्तर-मन्तरे राजधानीयाम् अन्यत्र च प्रदर्शनस्य समये अभवत्-अधुना ऑनलाइन-शिकायतानां प्रमाणानां च आधारेण अपि प्रचलति सर्वोच्चन्यायालयेन गठितेन उच्चशक्तियुक्तजाँचसमित्या प्रभावितव्यक्तिभ्यः अन्येभ्यः प्रासंगिकपक्षेभ्यः च शिकायतां, प्रतिनिधित्वं, प्रमाणं च प्राप्तुं पोर्टल् प्रारब्धम् अस्ति। केन्द्रीयगृहमन्त्रालयेन १७ अक्टोब शनिवासरे एतत् घोषितम्।

पोर्टलस्य माध्यमेन प्रभाविताः व्यक्तिः स्वशिकायतां, यत्किमपि उपलब्धं प्रमाणं च प्रस्तुतुं शक्नुवन्ति। अस्मिन् विरोधान्दोलनेषु चोटिताः पुलिसकर्मचारिणः अन्येषां सुरक्षाबलानाम् सदस्याः च सन्ति। समितियाः अन्वेषणं गोलीबन्दूकानां उपयोगः, महिलाआन्दोलनकारिणां लक्ष्यीकरणं, तेषां दुर्व्यवहारः, उभयपक्षेण कृता हिंसा, सार्वजनिकसम्पत्त्याः क्षतिः इत्यादीनां विषयाणां प्राथमिकता भविष्यति जुलैमासे छात्रविरोधस्य समये पुलिस-सुरक्षाबलयोः आचरणस्य विषये गम्भीर-आरोपाणां पश्चात् एषा उपक्रमः अभवत् तद्विपरीतम्, प्रदर्शनेषु पुलिसकर्मचारिणां उपरि आक्रमणं, सम्पत्तिविनाशः च इति आरोपाः अपि अन्वेषणं कुर्वन्ति। एतेषां परस्परविरोधिनां दावानां घटनानां च स्वतन्त्रजागृतिं कर्तुं समितिः उद्दिश्यते।

शिकायतां प्रमाणं च प्रस्तूय चत्वारः विकल्पाः गृहमन्त्रालयस्य वक्तव्यस्य अनुसारं प्रभावितव्यक्तिः स्वविशिष्टपरिस्थित्याधारितं सूचनां साझां कर्तुं शक्नुवन्ति इति पोर्टलस्य डिजाइनं कृतम् अस्ति। उपलब्धविवरणानां अनुसारं शिकायतां वा सूचनां वा प्रस्तूय चत्वारः विशिष्टाः विकल्पाः सन्ति।

प्रथमः विकल्पः तेषां कृते अभिप्रेतः ये प्रत्यक्षतया प्रभाविताः सन्ति, यत्र पुलिसकर्मचारिणः अन्येषां सुरक्षाबलानाम् सदस्याः च सन्ति। द्वितीयः विकल्पः तेषां कृते अस्ति ये शिकायतां दातुम् इच्छन्ति अथवा कस्यापि घटनायाः साक्षिणः सन्ति परन्तु स्वपरिचयं गोपनीयं स्थापयितुं रोचन्ते। अन्यसूचनाः गोपनीयरूपेण साझां कर्तुं तृतीयः विकल्पः उपलभ्यते, समितिं प्रति सुझावप्रदानार्थं चतुर्थः विकल्पः प्रदत्तः अस्ति। प्रत्येकं वर्गस्य कृते विशिष्टप्रश्नान् शिकायतां च समाविष्टुं सुविधा अस्ति। प्रभाविताः व्यक्तिः घटनासम्बद्धानि दस्तावेजानि अपि अपलोड् कर्तुं शक्नुवन्ति, यथा छायाचित्रं, भिडियो, चोटस्य चित्राणि, चिकित्साप्रतिवेदनानि च। पोर्टल् मध्ये यौन-उत्पीडन-सम्बद्धानां विषयाणां कृते एकः विभागः अपि अन्तर्भवति, येन एतादृशीनां शिकायतां पृथक अभिलेखनं कर्तुं शक्यते। समितिना संवेदनशीलसाक्षिणां रक्षणस्य महत्त्वं, तेषां परिचयः गोपनीयः एव भवतु इति च बोधितम् अस्ति। मन्त्रालयस्य अनुसारं प्रभाविताः व्यक्तिः स्वस्य परिचयं विना सूचनां दातुं शक्नुवन्ति। ये शिकायतां दातुं प्रतिकारस्य, दबावस्य, सामाजिककलङ्कस्य वा भयं कुर्वन्ति तेषां कृते एतत् विशेषता विशेषतया महत्त्वपूर्णम् अस्ति। डाकद्वारा वा व्यक्तिगतरूपेण वा शिकायतां दातुं विकल्पाः ये ऑनलाइन शिकायतां दातुं न इच्छन्ति अथवा पोर्टलस्य उपयोगं कर्तुं असमर्थाः सन्ति तेषां कृते वैकल्पिकाः पद्धतयः उपलभ्यन्ते। गृहमन्त्रालयस्य वक्तव्यस्य अनुसारं नवीदिल्लीनगरे समितिकार्यालये शिकायतां प्रतिनिधित्वं च दातुं शक्यते।

विकासप्रतिरूपस्य अध्ययनार्थं

छात्राः गच्छन्ति अपशिष्ट-ऊर्जा-संयंत्रात् आरभ्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल के छात्रों ने शहरी विकास में प्रौद्योगिक्याः पर्यावरणसंरक्षणस्य च भूमिकां अवगन्तुं जबलपुरस्य अध्ययनभ्रमणं कृतम्। भ्रमणकाले ते नगरनिगमेन कृतानां विविधानां विकासपरियोजनानां, आधुनिकसुविधानां, पर्यावरणसंरक्षणसम्बद्धानां प्रणालीनां च अवलोकनं कृतवन्तः। भ्रमणस्य अनन्तरं छात्राः नगरनिगमस्य परिचालनपद्धतीनां, कार्यान्वितानां नवीनप्रथानां च प्रशंसाम् अकरोत्। अपशिष्ट-ऊर्जा-प्रौद्योगिक्याः विषये अन्वेषणं प्राप्तुं अध्ययनभ्रमणकाले छात्राः अपशिष्ट-ऊर्जा-संयंत्रं, सीवेज-शुद्धिकरण-संयंत्रं च गतवन्तः। तत्र तेषां ठोसअपशिष्टप्रबन्धन, अपशिष्टात् ऊर्जानिमार्णं, अपशिष्टजल शुद्धिकरणं च इत्यादिषु प्रक्रियासु तान्त्रिकदृष्टिः प्राप्ता। छात्राः दुम्ना-प्रकृति-उद्यानम् अपि गतवन्तः, यत्र तेषां प्राकृतिक-सौन्दर्यं जैव-विविधतां च प्रथमतया अनुभवितम्। नगरायुक्तेन सह चर्चाद्वारा प्रशासनिकदृष्टिकोणं अवगन्तुम् भ्रमणस्य अनन्तरं छात्राः संकायसदस्याः च नगरायुक्तस्य रामप्रकाश अहिरवारस्य शिष्टाचारं कृतवन्तः। नगरस्य विकासपरियोजनानां विषये, नगरनिगमेन स्वीकृतानां नवीनतानां विषये च चर्चाः अभवन्।

टीएमसी-सांसदस्य शिकायतया दलनेतृणां वक्तव्यानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

एफआईआर, कस्यापि वसूली, अन्वेषणस्य स्थितिः च इति विषये तथ्यानि आधिकारिकपुलिसपुष्टिः प्राप्ते एव स्पष्टतया वक्तुं शक्यन्ते। इदानीं कृते टीएमसी-सांसदस्य शिकायतया, दलनेतृणां वक्तव्यानां च आधारेण अस्य घटनायाः विषये प्रमुखविवरणानि सन्ति। यत्र संदिग्धः व्यक्तिः मुख्यमन्त्री इव उच्चस्तरीयस्य व्यक्तिस्य सुरक्षापरिधिं समीपं गच्छति तत्र सुरक्षाप्रोटोकॉलस्य समीक्षायाः आवश्यकतां प्रकाशयितुं शक्नोति। परन्तु वर्तमानकाले उपलब्धा सूचना अस्मिन् प्रसङ्गे सुरक्षाव्यवस्थायां किमपि विशिष्टं त्रुटिं न पुष्टयति।

राशिफल

मेष : आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। करियर में नई संभावनाएं बन सकती हैं। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी।

वृषभ : आज मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, लेकिन परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं।

मिथुन : आज योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ मिलेगा। करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं।

कर्क : आज नए विचार और योजनाएं लाभ दिला सकती हैं। नौकरी और व्यापार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

सिंह : आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें अच्छे से निभाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और मेहनत से सफलता मिलेगी।

कन्या : आज आपकी बातचीत और सोच आपको आगे बढ़ाने में मदद करेगी। रुके हुए काम पूरे होने के संकेत हैं।

तुला : आज भाग्य आपका साथ देगा। शिक्षा, नौकरी और व्यापार से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है।

वृश्चिक : आज का दिन संतुलन और धैर्य का है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए बजट संभालकर चलें।

धनु : रिश्तों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। साझेदारी के काम में लाभ के योग हैं। नौकरी में बदलाव या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

मकर : आज आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। करियर में सफलता मिलने की संभावना है।

कुंभ : आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला न लें। कार्यक्षेत्र में धैर्य और समझदारी से काम करना जरूरी होगा।

मीन : आज आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और नेतृत्व क्षमता की सराहना हो सकती है।

24 अक्टूबर से शुरू होंगे 3 चार दिवसीय मुकाबले, राहुल, जायसवाल और पडिक्कल खेलेंगे

न्यूजीलैंड दौरे पर भारत-ए के सभी मैच दिखाएगा सोनी स्पोर्ट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत-ए की टीम न्यूजीलैंड दौरे पर तीन चार दिवसीय मुकाबले खेलेगी। इन सभी मैचों का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। ये मुकाबले न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए खेले जाएंगे। सोनी स्पोर्ट्स न सिर्फ इन मैचों का लाइव टेलीकास्ट करेगा, बल्कि इनके प्रसारण की प्रोडक्शन जिम्मेदारी भी संभालेगा। ध्रुव जुरेल की कप्तानी वाली टीम में केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, वॉशिंगटन सुंदर और साई सुदर्शन शामिल हैं।

भारत-ए और न्यूजीलैंड के बीच पहला चार दिवसीय मैच 24 से 27 अक्टूबर, दूसरा 31 अक्टूबर से 3 नवंबर और तीसरा 7 से 10 नवंबर तक खेला जाएगा। तीनों मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे शुरू होंगे। सोनी स्पोर्ट्स न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टीम के सभी इंटरनेशनल मुकाबलों का भी प्रसारण करेगा। इस दौरे पर भारत को 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलने हैं। भारत की इंटरनेशनल टीम और भारत-ए दोनों के मुकाबले एक ही दिन होंगे। ऐसे में दोनों मैचों का लाइव प्रसारण किया जाएगा। भारत-ए की टीम 18 अक्टूबर को बेंगलुरु से न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी।

एशियन गेम्स में टीम के साथ रहे कोच भी जाएंगे- भारत-ए टीम के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का सपोर्ट स्टाफ जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एशियन गेम्स में भारतीय टीम के साथ जापान गए सपोर्ट स्टाफ को ही न्यूजीलैंड दौरे की जिम्मेदारी दी गई है। ऋषिकेश कानिटकर बल्लेबाजी कोच, लक्ष्मीपति बालाजी तेज गेंदबाजी कोच और सुनील जोशी स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। फिजियो थुलसी और ट्रेनर हर्षा भी टीम के साथ जाएंगे। हालांकि, एशियन गेम्स में भारतीय टीम के हेड कोच रहे वीवीएस लक्ष्मण के न्यूजीलैंड दौरे पर जाने को लेकर फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं है।

सूर्यवंशी की वजह से इंडिया-ए की ट्राई सीरीज भी लाइव हुई

इससे पहले इसी साल 9 से 21 जून के बीच खेली गई भारत-ए, श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए की ट्राई सीरीज भी लाइव दिखाई गई थी। इस त्रिकोणीय वनडे सीरीज के टेलीकास्ट की वजह 15 साल वैभव सूर्यवंशी थे। भारत-ए की इस टीम में वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे। पिछले अंडर-19 वर्ल्ड कप और आईपीएल के दौरान वैभव की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ी। इसी को भुनाने के लिए इस ट्राई सीरीज को लाइव टेलिकास्ट किया गया।। इसे सोनी स्पोर्ट्स टीवी चैनल और सोनी लिव ऐप पर लाइव दिखाया गया था।

पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता : गावस्कर

टीम इंडिया को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना बंद कर देना चाहिए, 4 बॉलर्स खिलाने चाहिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारत को हार्दिक पंड्या का विकल्प तलाशना बंद करना चाहिए। पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता। 77 साल के गावस्कर ने शनिवार रात को कहा कि इंडियन टीम को अलग-अलग रोल प्ले करने वाले प्लेयर्स पर ध्यान देना चाहिए। उसे अपनी गेंदबाजी मजबूत रखने के लिए कम से कम 4 स्पेशलिस्ट बॉलर्स खिलाने चाहिए। गावस्कर ने जियोस्टार पर कहा कि 5वें और छठे गेंदबाजी विकल्प के तौर पर ऐसे ऑलराउंडर होने चाहिए, जो बल्लेबाजी भी कर सकें।

हार्दिक के विकल्प पर गावस्कर की राय- गावस्कर ने कहा, हम कभी-कभी हार्दिक पंड्या का रिप्लेसमेंट तलाशने में जरूरत से ज्यादा जुट जाते हैं। हार्दिक पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने कहा, अगर आपको उनकी क्षमता वाला खिलाड़ी नहीं मिलता, तो ऐसे खिलाड़ी को चुनिए, जो थोड़ा अलग काम कर सके। पंड्या इंजरी के कारण टीम इंडिया से बाहर हैं। उन्होंने इसी साल मार्च में टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार भारत के लिए खेला था।

8 नंबर तक बैटिंग से गेंदबाजी कमजोर हो रही- गावस्कर- गावस्कर ने कहा कि सीरीज से सबसे बड़ी सीख गेंदबाजी को लेकर है। भारत को कम से कम चार नियमित विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने कहा, पांचवां और छठा विकल्प आपके ऑलराउंडर हो सकते हैं। वे ऐसे खिलाड़ी हों, जो बल्लेबाजी भी कर सकें। गावस्कर ने बल्लेबाजी को आठवें नंबर तक बढ़ाने की रणनीति पर भी चेताया। उन्होंने कहा, जब आप आठवें नंबर तक बल्लेबाजी लेकर जाते हैं, तो अपनी गेंदबाजी कमजोर कर देते हैं। यहीं आपको हार मिलती है।

बारिश से गेंदबाजी परखने का मौका नहीं मिला- बेंगलुरु में बारिश के कारण आखिरी टी-20 मैच रद्द हो गया। गावस्कर ने कहा कि रद्द हुए निर्णायक मुकाबले के कारण भारत की गेंदबाजी परखने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, हम गेंदबाजी देख ही नहीं सके। नौ ओवर के इस मैच में भारतीयों ने कैसे गेंदबाजी की होती, यह देखना दिलचस्प होता।

स्पिनरों को लगातार समर्थन देने की सलाह- गावस्कर ने भारत के पसंदीदा स्पिन विकल्प तय करने और उन्हें लगातार समर्थन देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि ये स्पिनर नियमित रूप से अंतिम एकादश का हिस्सा हों या नहीं, उन्हें टीम के बड़े सेटअप में शामिल रखना चाहिए।

नमन धीर के प्रदर्शन की तारीफ की

गावस्कर ने नमन धीर का उदाहरण देते हुए कहा- युवा बल्लेबाज बल्ले और गेंद, दोनों से अलग भूमिका निभा सकता है। वे यह काम कर रहे हैं। गावस्कर ने कहा, 'धीर वह अपने ओवर अच्छी तरह गेंदबाजी कर रहे हैं। इस मैच में उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की, वह भी देखने लायक थी।

वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलेगा: श्रेयस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़

भारत के टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वैभव सूर्यवंशी को मौका जरूर मिलेगा। उन्हें इसका इंतजार करना होगा। बेंगलुरु में शनिवार को 5वें टी-20 मैच के बाद श्रेयस से वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं करने पर सवाल किया गया था। इस पर अय्यर ने कहा- मैं उससे यही कहता हूं कि तुम्हें मौका मिलेगा। कभी-कभी इंतजार करना पड़ता है। हमारे पास 2 शानदार ओपनर हैं। वैभव के साथ हमारी बातचीत इसी बारे में होती रही है। वैभव इस सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि दूसरे और चौथे मैच में बेहतर गेंदबाजी करते, तो सीरीज का नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों और खासकर शाई होप को पूरी सीरीज में अच्छा खेलने का श्रेय दिया। अय्यर ने कहा, 'जहां श्रेय देना चाहिए, वहां देना चाहिए। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। शाई होप ने पूरी सीरीज में जिस तरह बल्लेबाजी की, वह शानदार था। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, हम सीरीज जीतने के बहुत करीब थे। ऐसा कुछ, जो हमने 20 से ज्यादा वर्षों में नहीं किया है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से आगे बढ़ रहे हैं। सफलता का मतलब केवल सीरीज जीतना नहीं है।

ज्योतिष/वास्तु

रिश्ते-बिजनेस और करियर में होगी उथल-पुथल

इन चार राशि वालों के कष्टों से भरे रहेंगे 2 महीने



सूर्य के इस राशि परिवर्तन का प्रभाव जातकों पर 2 महीने तक प्रभावी रहेगा। ज्योतिषियों की मानें, तो इस अवधि में जातकों को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं।

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य और शनि दोनों को ही प्रभावशाली ग्रह माना जाता है। जहां सूर्य को मान-सम्मान और आत्मविश्वास का कारक माना जाता है, वहीं शनि कर्म, अनुशासन और न्याय से जुड़े हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, सूर्य और शनि के बीच पिता-पुत्र का संबंध होने के बावजूद इनके बीच शत्रुता मानी जाती है। ऐसे में इनकी स्थिति का प्रभाव कुछ राशियों के जीवन में तनाव और चुनौतियां बढ़ा सकता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 14 जनवरी 2027 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद सूर्य कुंभ राशि में गोचर करेंगे। मकर और कुंभ दोनों ही शनि की राशियां हैं। ऐसे में सूर्य के इन राशियों में रहने के दौरान कुछ जातकों को रिश्तों, करियर और व्यापार से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में छोटी-छोटी बातों पर मतभेद होने और कामकाज में बाधाएं आने की आशंका बनी रहेंगी। आइए इनके नाम जानते हैं।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए यह अवधि व्यक्तिगत जीवन में कुछ चुनौतियां लेकर आ सकती है। इस दौरान परिवार के किसी सदस्य के साथ मतभेद होने की आशंका है। कोई मन की इच्छा पूरी करने में भी कई तरह की परेशानियां आ सकती हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर बहस बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में भी काम का दबाव बढ़ सकता है। किसी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें।

कन्या राशि- कन्या राशि वालों को इस अवधि में समझदारी से काम लेने की जरूरत होगी। नौकरी बदलने का मन इस समय आपका कर सकता है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। व्यापार करने वाले जातकों को आर्थिक मामलों में सतर्क रहना चाहिए। धन लाभ के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। रिश्तों में गलतफहमियों से बचने के लिए बातचीत स्पष्ट रखें।

तुला राशि- तुला राशि वालों के लिए यह समय मिले-जुले परिणाम लेकर आ सकता है। एक ओर करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। करीबी व्यक्ति के साथ विचारों का मतभेद होने की आशंका है। व्यापार से जुड़े जातकों को योजनाओं और लेन-देन में सावधानी बरतनी चाहिए। पढ़ाई में परेशानियां आएगी। किसी पुराने मामले को लेकर चिंता बढ़ सकती है।

मीन राशि- मीन राशि वालों के लिए यह अवधि कुछ महत्वपूर्ण अनुभव लेकर आ सकती है। नौकरीपेशा जातकों को अपने काम पर अधिक ध्यान देना होगा। इस समय रिश्तों में भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना जरूरी होगा। दोस्तों के साथ अनबन हो सकती है। इस दौरान करियर और निजी जीवन में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

खबर एक नजर...

मासूम के साथ छेड़छाड करने वाले को भेजा जेल

उज्जैन। जूना सोमवारिया क्षेत्र में रहने वाले परिवार की सात वर्षीय बालिका के साथ 2 दिन पहले रात के समय परिवार के साथ सो रही थी। उसके पिता मजदूरी से नहीं लौटते थे। उसी दौरान हाथी का टेकरा क्षेत्र में रहने वाला अब्दुल रशीद पिता वाहीद खान घर में घुस गया था और बालिका के साथ छेड़छाड़ छेड़छाड़ करने लगा था। बालिका नींद से जाग गई थी और शोर मचाया था। मां और भाई के जागने पर आरोपी भाग निकला था। जीवाजीगंज पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। जिसे शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी की पत्नी उसे छोड़कर पूर्व में जा चुकी है।

घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाला बदमाश पकड़ाया

उज्जैन। गणेशपुरा में पुराने विवाद के चलते सिसौदिया परिवार के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले बदमाश बलराम उर्फ विक्की नूडल के खिलाफ माधवनगर थाना पुलिस ने सुनील सिसौदिया की शिकायत पर एक माह पहले मामला दर्ज किया था। बदमाश नूडल लगातार फरार चल रहा था। बीती रात सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे कंचनपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि बदमाश का सुनील सिसौदिया के पुत्र से पुराना विवाद था, जिसके चलते उसने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर तोड़फोड़ की थी। पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ 24 से अधिक मामले दर्ज है। उसे न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने अपने 2 साथियों के नाम बताये है। जिनकी तलाश जारी है।

दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

उज्जैन। कानीपुरा मार्ग पदमावती कालोनी में रहने वाला मनोज पिता खूबचंद कारपेंटरी का काम करता है। रविवार दोपहर वह काम कर खाना खाने के घर लौटा था। उसने बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड क्यू 4047 घर के बाहर खड़ी की थी। खाना खाने के बाद वह कुछ देर आराम करने रूक गया। शाम 4 बजे के लगभग वह वापस काम पर जाने के लिये घर से बाहर आया तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला। मनोज ने चिमनगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा बाइक चोरी करने वाले का पता लगाने के लिये कालोनी में सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कहीं है। विदित हो कि शहर में हर दूसरे दिन बाइक चोरी की खबर सामने आती है। पुलिस को आशंका है कि बाइक चोरी को कंजर और पारदी गिरोह के बदमाश अंजाम दे रहे है, जो बाहर से आते है।

दुर्घटना में घायल और जहर खाने वाले की मौत

उज्जैन। रविवार को 2 निजी अस्पताल में भर्ती लोगों की मौत हो गई। एक झारडा के डोगराखेड़ा का रहने वाला रामचंद्र पिता विक्रम आंजना था। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि रामचंद्र ने 12 अक्टूबर को जहर खाया था। परिजन उसे फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर आये थे। मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। दूसरा घटनाक्रम इंगोरिया से जुड़ा हुआ है। झाबुआ के ग्राम लोहारिया में रहने वाले सुरेश पिता कालू भूरिया को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। परिवार नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल ले गया। जिसकी दोपहर में मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप मर्ग डायरी इंगोरिया थाना को भेजने की बात कहीं है।

बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर पिता से की मारपीट

उज्जैन। माकडोन के ग्राम मेरगढ़ में रहने वाले लक्ष्मीनारायण पिता दुलेसिंह भाटी 50 साल ने सोयाबीन की फसल काटी थी। 2 दिन पहले उसका पुत्र फसल बेचकर आ गया था। लक्ष्मीनारायण ने बेची गई फसल के रुपए मांगे तो पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुत्र-बहू द्वारा की गई अमानवियता की शिकायत लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दर्ज कराई। मामले में दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और पुलिस घर पहुंची तो दोनों गायब मिले। पुलिस के अनुसार दोनों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। एक अन्य मामले में राघवी थाना पुलिस ने ग्राम काल्ला पिपलिया में रहने वाले गुमान पिता मांगूसिंह सौंधिया की शिकायत पर भाई और उसके साथी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। गुमानसिंह ने शिकायत में बताया कि भाई अपने साथी के साथ आया था और सोयाबीन की फसल में बंटवारे को गाली-गलौच करने लगा था। उसे मना किया तो दोनों ने मारपीट की है।

मामा-भांजे की जान लेने वाले चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। तराना फंटा उज्जैन-आगररोड पर 16 अक्टूबर की शाम सड़क किनारे खड़े बड़नगर तहसील के रहने वाले मामा-भांजे को महेश और मोहन को अनियंत्रित हुई शर्मा ट्रेवल्स की बस ने कुचल दिया था और खंती में गिर गई थी। मामा-भांजे की मौत होने के साथ बस में सवार 6 यात्रियों को चोंट आई थी। मामले में राघवी थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर बस को जप्त किया है।

1 4 0

जयसिंहपुरा में नगर निगम ने 3 अवैध निर्माण पर की कार्रवाई, सामान खाली करने का समय देकर लौटी टीम

सिंहस्थ भूमि पर बने महासिद्ध आश्रम पर चला बुलडोजर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। रविवार तड़के करीब 5 बजे निगम की टीम ने जयसिंहपुरा क्षेत्र में नरसिंह घाट के पास स्थित महासिद्ध आश्रम (एमएस सुकृत ट्रस्ट) के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की।

टीम ने तीन पोकलैंड मशीनों की मदद से नए बने भवन के कुछ हिस्से ध्वस्त किए। हालांकि, भवन के भीतर रखा सामान निकालने के लिए समय देते हुए टीम कार्रवाई रोककर अस्थायी रूप से लौट गई।

दो बार नोटिस देने के बाद भी नहीं हटाया निर्माण- नगर निगम के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि आश्रम परिसर में सिंहस्थ के लिए सुरक्षित जमीन पर हाल ही में तीन अलग-अलग पक्के भवनों का निर्माण किया गया था। इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए आश्रम संचालक को पहले ही दो बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। तय समय सीमा में निर्माण नहीं हटाए जाने पर रविवार सुबह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।



सामान निकालने के लिए दिया समय

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को पता चला कि नवनिर्मित भवन के भीतर आश्रम का काफी सामान रखा हुआ है। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सामान निकालने के लिए समय दिया और कार्रवाई रोक दी। दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद शेष अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी।

दो दिन पहले दूसरे आश्रम पर भी हुई थी कार्रवाई

नगर निगम प्रशासन सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। दो दिन पहले ही निगम की टीम ने इसी आश्रम के पास स्थित हरियाणा वाले सत्यगिरि महाराज के आश्रम में किए गए अवैध निर्माण को भी पोकलैंड मशीन की मदद से ध्वस्त किया था।

ट्रेन में चढ़ते समय महिला का चुराया था मंगलसूत्र

हिरासत में वारदात की फिराक में दोबारा आई महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ट्रेन में चढ़ते समय महिला यात्री का मंगलसूत्र चोरी करने वाली महिला दूसरी बार फिर से वारदात की फिराक में आई थी। जीआरपी ने उसे वारदात करने से पहले हिरासत में ले लिया। उससे पूर्व में चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

शाजापुर की रहने वाली रीना पति धर्मेन्द्र 15 अक्टूबर को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी। वापस लौटने के लिये वह रेलवे स्टेशन पहुंची थी और प्लेटफार्म नम्बर 1 पर आई कामाख्या एक्सप्रेस में सवार होने के लिये चढ़ रही थी। उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उसका सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। 70 हजार कीमत का मंगलसूत्र चोरी होने पर रीना ने पति के साथ जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मामला दर्ज कर आरपीएफ प्रभारी नरेन्द्र यादव की टीम के साथ मिलकर मंगलसूत्र चोरी करने वाले बदमाश की तलाश में सीसीटीवी कैमरे देखने पर सामने आया



था कि मंगलसूत्र चोरी करने वाला बदमाश नहीं महिला थी, जो गोद में बच्चा लेकर आई थी। फुटेज के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार को वहीं महिला दोबारा से बच्चा लेकर स्टेशन पहुंची और प्लेटफार्म नम्बर 8 पर वारदात की फिराक में थी। जीआरपी की टीम ने फुटेज के आधार पर उसे पहचान लिया और हिरासत में लिया। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में महिला का नाम पायल उर्फ झिंग्गो बंजारा पति लक्की बंजारा निवासी साबरमती नदी के पास झुग्गी झोपडी अहमदाबाद हाल मुकाम देवास बंजारा बस्ती सामने आया। उसकी निशानदेही पर 4.410 ग्राम वजनी मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपिया महिला से पूछताछ की जा रही है।

भोपाल-जयपुर ट्रेन में चढ़ते समय वारदात

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर एक बार फिर से आभूषण चोरी करने वाली गैंग सक्रिय दिखाई दे रही है। बुधवार को महाराष्ट्र की रहने वाली 61 वर्षीय संध्या पति देवीदास सालुंके के साथ हुई कान की बाली चोरी होने का मामला महराष्ट्र में दर्ज होने के बाद उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचा है। बताया जा रहा है कि संध्या सालुंके महाकाल दर्शन करने आई थी। दूसरे दिन सिहोर जाने के लिये स्टेशन पहुंची थी, उसी दौरान भोपाल-जयपुर ट्रेन में चढ़ते वक्त कान की बाली चोरी हुई थी। गुरूवार को भी नयापुरा निवासी सीता पत्नी रामचंद्र 65 वर्ष बेटी अनीता के साथ इंदौर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची थी। डा. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस में चढ़ते समय कान की बाली चोरी हो गई थी।

उज्जैन-उन्हेल मार्ग पर दुर्घटना, युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। बाइक पर सवार युवक को शनिवार-रविवार रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंपा।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में उन्हेल-उज्जैन मार्ग ग्राम रूई में बाइक सवार युवक के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो सामने आया कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई। बाइक नम्बर से पहचान करने पर सामने आया कि उन्हेल



का रहने वाला देवी पिता हटेसिंह 22 साल है। रात में परिजनों को सूचना दी, जो अस्पताल पहुंच गये थे। सुबह परिजनों ने बताया कि देवीसिंह की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। 6 माह पहले बेटी हुई है। पत्नी मायके आगर के डग बडौद में रह रही है। देवीसिंह बेटी को देखने और पत्नी से मिलने आगर गया था। जहां से वापस लौट रहा था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में चार पहिया वाहन होना सामने आ रहा है।

गरोठ ब्रिज पर रात 10:30 बजे सड़क हादसा

दोस्त को छोड़ लौट रहे युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क हादसे के मामले लगातार सामने आ रहा है। रात 10:30 बजे गरोठ ब्रिज पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस डायल 112 अस्पताल लेकर पहुंची। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

पंवासा थाना आरक्षक संदीप शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर डायल 112 मक्सी रोड गरोठ ब्रिज पहुंची थी मोंटी दरबार ढाबे के आगे बाइक सवार लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। जानकारी लगने पर परिजन भी अस्पताल आ गए थे। परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि नाम अनिल पिता भवरलाल सुनेरिया 42 साल निवासी प्रेम नगर चंदेसरा देवासरोड है। अनिल इलेक्ट्रिशियन का काम करता था और दोस्त को आगर रोड मेडिकल कॉलेज के पास छोड़ने गया था जहां से वापस लौट रहा था। पुलिस के अनुसार परिजन संतुष्ट नहीं थे और निजी अस्पताल ले जाने की बात कह रहे थे। चरक अस्पताल के डॉक्टरों ने ईसीजी किया लेकिन सांस थम चुकी थी।

मानसिक कमजोर बालिका से अश्लीलता करने वाले का सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

27 माह पहले मानसिक कमजोर बालिका को अपने साथ ले जाने के बाद रास्ते में अश्लीलता करने वाले आरोपी को पास्को एक्ट के मामले में न्यायालय ने 3 साल की सजा सुनाई है। आरोपी के खिलाफ अर्थदंड भी लगाया गया है।

उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र खांडेगर ने बताया कि 11 जुलाई 2024 को माकडोन क्षेत्र में मानसिक कमजोर नाबालिग के साथ एक युवक द्वारा जबरदस्ती अश्लीलता का प्रयास किया था। नाबालिग का शोर सुनकर कुछ लोग एकत्रित हो गये थे। अश्लीलता करने वाला भाग निकला था। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बालिका माकडोन की रहने वाली सामने आई थी। परिवार के सामने आने पर मां ने बताया था कि बेटी बचपन से कमजोर है वह इशारों में बातचीत करती है। बेटी को लेने परिचित शिवा उर्फ शिवनारायण निवासी ग्राम सतगांव थाना लालघाटी जिला शाजापुर आया था। उसने कहा था कि बुआ घर पर नहीं है, इसलिये बेटी को 4-5 दिन के लिये भेज दो। उसने बेटी को शिवा के साथ भेजा था। नाबालिग से इशारों में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शिवा ने रास्ते में शराब पी थी और एक खेत किनारे गाड़ी रोक धमकाया कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। उसके द्वारा जबरदस्ती कराने का प्रयास किया जा रहा था। चिल्लाने पर मारपीट करने लगा था, आवाज सुनकर कुछ लोग आ गये थे, शिवा भाग निकला था। पुलिस ने मां की शिकायत पर मामले में पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई पूरी होने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने फैसला सुनाते हुये आरोपी को 3 साल की सजा और 2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल कुमार सिंह द्वारा पैरवी की गई।

कपास-खली व्यापारी के साथ 1.13 लाख की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागझिरी उद्योगपुरी में मोहित इंडस्ट्रीज नाम से कपास-खली का कारोबार करने वाले व्यापारी के साथ यूपीआई के माध्यम से 1.30 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई। नागझिरी पुलिस ने ई एफआईआर दर्ज होने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

देवासरोड कल्पतरू एवेन्यू में रहने वाला भारत पिता राघुसिंह चौहान नागझिरी उद्योगपुरी में कपास-खली का कारोबार करता है। 3 अक्टूबर को इंडस्ट्रीज में काम के दौरान अचानक मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बात पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से उसके खाते से 1.13 लाख रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिये है। भारतसिंह ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। जहां से रविवार को मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा तो मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एक मामला नागझिरी थाना



क्षेत्र के विजय पिता ओमप्रकाश देवड़ा के साथ हुआ। गूगल पर हीरो फायनेंस कंपनी का एप डाउनलोड कर कार की किश्त कम कराने के लिये उसके द्वारा एप पर दिये नम्बर पर कॉल किया और कर्मचारी बताने वाले युवक से बातचीत की। युवक ने किश्त कम करने के नाम पर 28 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। 29 सितंबर को हुये ट्रांजेक्शन के बाद भी किश्त कम नहीं हुई तो फायनेंस कंपनी के आफिस पहुंचकर जानकारी ली गई। तब ऑनलाइन धोखाधड़ी होना सामने आया। विजय की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कॉल धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बिल अपडेट कराने के ठगे 2 लाख

माधवनगर थाना क्षेत्र के दमदमा निवासी युसुफ मोहम्मद शेख के पास 10 अक्टूबर को वॉट्सऐप पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया, जिसमें अवंतिका गैस एजेंसी का कनेक्शन कटने की बात कही गई थी। इसके बाद आरोपी ने वॉट्सऐप कॉल कर बिल अपडेट कराने के नाम पर उनसे एक ऐप डाउनलोड करवाया और 10 रुपए का ट्रांजैक्शन करने को कहा। उसके बाद यूनियन बैंक खाते से अलग-अलग 3 से 4 ट्रांजेक्शन के हुये और युसुफ शेख के 2 लाख 1 हजार रुपए निकल गये। खाते से राशि निकलने का मैसेज बैंक से मिला तो धोखाधड़ी की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई। जहां से मामला माधवनगर पुलिस के पास पहुंचा तो प्रकरण दर्ज किया गया है।

दर्शन करने आये नेपाल के श्रद्धालु भूले होटल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

काठमांडू नेपाल से महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालु होटल का पता भूल गये। काफी भटकने के बाद उन्होंने पुलिस से सहयोग मांगा और सामान होटल में रखा होने की बात कहीं। पुलिस ने कुछ घंटों में होटल का पता लगाया और श्रद्धालुओं को पहुंचाया।



महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि काठमांडू से विनीता भट्टराई और नीरव कार्की महाकाल दर्शन के बाद अपने होटल का पता भूल गए। परेशान होकर दोनों थाना महाकाल पहुंचे। बाहर से आये श्रद्धालुओं की परेशानी का समाधान करने के लिये एसआई चंद्रभान सिंह और बलराम जाट की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। टीम ने श्रद्धालुओं के आने वाले संभावित मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आरक्षक शिवम शर्मा ने उज्जैन गेस्ट रिपोर्ट के माध्यम से जानकारी जुटाना शुरू किया और कुछ घंटो में श्रद्धालुओं को उनकी होटल तक पहुंचा दिया। श्रद्धालुओं ने उज्जैन पुलिस की तत्परता को देखते हुये आभार माना और कार्यशैली की सराहना की।

एक ही मीटर पर लिंक हो सकेंगी मल्टी प्ले समग्र परिवार आईडी

महिदपुर। महिदपुरे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधी शिकायतों के तुरंत निराकरण और उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम सांदोह में एक विशेष विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बिजली बिलों को समग्र परिवार आईडी से जोड़ना और उपभोक्ताओं को इससे जुड़ी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिन घरों में एक से अधिक समग्र परिवार आईडी पंजीकृत हैं, लेकिन बिजली का बिल केवल एक ही नाम से आता है, वहां परिवार की सभी समग्र आईडी को उसी एक बिजली बिल से लिंक कराया जा सकता है। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं को सांदोह पंचायत भवन पहुंचकर अपना सर्वे कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कराना होगा।

उज्जैन के खेल जगत को एकजुट करने का आह्वान

25 को होगा दशहरा खेल मिलन समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के पावन अवसर पर उज्जैन के समूचे खेल जगत को एक सूत्र में पिरोने और खेलों के विकास के लिए नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर को शाम 4 बजे स्थानीय भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल में खेल संगठनों का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा एवं महावीर जैन ने बताया कि यह केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि उज्जैन के खेल भविष्य को नई दिशा देने की पहल है। इस अवसर पर विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी एक मंच पर एकत्रित होकर खेलों के विकास, खिलाड़ियों के हित और उज्जैन को खेल नगरी के रूप में स्थापित करने के लिए सामूहिक विचार-विमर्श करेंगे। आपने कहा कि उज्जैन की मिट्टी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है कि प्रत्येक प्रतिभावान खिलाड़ी को सही प्रशिक्षण, उचित मार्गदर्शन, बेहतर सुविधाएं और आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसके लिए खेल संगठनों को एक-दूसरे की प्रतियोगिताओं में सहयोग करना होगा, संसाधनों और अनुभव को साझा करना होगा तथा खिलाड़ियों के हित में मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विजयेंद्र देवड़ा सहित विभिन्न खेलों से जुड़े पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से

- रकबी से राजेश सिंह कुशवाह,
- फुटबॉल से मनोज तिवारी, दिलीप मेहता, यशवंत पटेल
- क्रिकेट से यूनुस शेख, सुरेंद्र काबरा, डॉ. राकेश चावरे, चांदनी यादव, मेघा शर्मा
- हॉकी से अनिल निकम, सपना कछवाए, गोपाल गौतम, दिलीप भार्गव;
- बॉडी बिल्डिंग से शैलेन्द्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके
- पारंपरिक लाठी से रजनी नरवरिया, पूजा चित्तौड़ा
- बास्केटबॉल से रितु शर्मा, प्रगति जैन, मनीषा पवार
- साइकिल पोलो से विवेक वैद्य;
- तैराकी से चित्रेश शर्मा, हरीश शुक्ला, संतोष सोलंकी, विनोद चोरसिया
- एथलेटिक्स से सुदर्शन शर्मा, अब्दुल वहाब
- खो-खो से दिनेश चौबे, दिलीप चौहान;
- बैडमिंटन से योगेश बंदेवार, मोनिका खलोटिया, विजय भार्गव
- मल्लखंभ से योगेश मालवीय, आशीष मेहता, सपना माली
- कुश्ती से गणेश बागड़ी, लीलाधर जाधव;
- टेबल टेनिस से एस.पी. झा, सतीश मेहता, राजेश शर्मा
- कबड्डी से भारती शर्मा, केशव मिश्रा, आनंद व्यास, हरीश राजौरा, एम.एल. डागरे
- जिम्नास्टिक से आर.एल. वर्मा, ओ.पी. शर्मा, संजय जोहरी
- किक बॉक्सिंग से मीनाक्षी चौहान
- मिशन साइकिल सिटी से उत्कर्ष सिंह सेंगर
- पावर लिफ्टिंग से कमल नंदवाना, जय यादव
- योग से शैलजा रिछारिया
- वॉलीबॉल से पूजा राठौर, मनीषा लावरे, प्रलय जोशी, भास्कर राव भागवत, रफीक अंसारी, रमेश साहू, अयूब भुट्टो
- शूटिंग से वीराज परिहार, अक्षय सिंह;
- कलारिया पट्टू से विशाल सिंह
- कराटे से कमल सोनी;
- बॉक्सिंग से यशवंत अग्निहोत्री;
- थांगटा से अभिषेक मरमट
- शतरंज से संदीप कुलश्रेष्ठ, महावीर जैन एवं सूरज भान;
- परंपरागत लाठी से अरविंद जोशी
- रोलर स्केटिंग से मधुसूदन मालवीय

गतका से पुरुषोत्तम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com